www.bharatsamvad.live
R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर
# भारत संवाद
मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper bharatsamvad.live

**मौसम**
अधिकतम तापमान 34.c
25.c न्यूनतम तापमान

**बाजार**
सोना 88.430g
चांदी 91.500kg

2 देश के हितों पर चोट करती विदेशी सहायता, भारत को अपने हितों की रक्षा के लिए और अधिक सक्रिय होना होगा
विंध्याचल में करोड़ों की जमीन का फर्जी बैनामा 04

वर्ष :08 | अंक :234 | मुंबई ,शनिवार ,15 फरवरी , 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2 : 00 रुपए

**संक्षिप्त समाचार**

## मणिपुर के एक शिविर में सीआरपीएफ जवान ने दो साथियों की हत्या करने के बाद खुद भी जान दी

मणिपुर में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान ने कथित तौर पर गोलीबारी करअपने दो सहकर्मियों की हत्या कर दी और आठ अन्य को घायल कर दिया। जवान ने खुद भी आत्महत्या कर ली। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि इंफाल पश्चिम जिले के लाम्फेल स्थित सीआरपीएफ के शिविर में रात करीब 8.20 बजे यह घटना हुई थी। उन्होंने बताया कि आरोपी हवलदार संजय कुमार ने अपनी बंदूक से गोली चलाई जिससे एक कांस्टेबल और एक उपनिरीक्षक की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद कुमार ने खुद को भी गोली मार ली। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां मृत घोषित कर दिया गया। आरोपी सीआरपीएफ की 120वीं बटालियन से था।

## पंजाब पुलिस ने सीमा पार के तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया, 30 किलोग्राम हेरोइन जब्त

पंजाब पुलिस ने 30 किलोग्राम हेरोइन जब्त करने के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया और सीमा पार से मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ करने का दावा किया। पुलिस के अनुसार, ड्रोन का उपयोग कर पाकिस्तान से मादक पदार्थ की तस्करी की जा रही थी और यह इस साल की अब तक की सबसे बड़ी खेप जब्त की गई है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, खुफिया जानकारी के आधार पर अभियान में अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने सीमा पार से तस्करी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है, पुलिस ने एक कार से 30 किलोग्राम हेरोइन बरामद की और मादक पदार्थ के एक तस्कर को गिरफ्तार किया। पाकिस्तान से मादक पदार्थ लाने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया गया था। उन्होंने कहा, गिरफ्तार आरोपी बड़े पैमाने पर हेरोइन की तस्करी में संलिप्त था और बताया गया है कि हाल ही में उसे सीमा पार से ड्रोन के जरिए तस्करी की गई हेरोइन की बड़ी खेप मिली थी। उन्होंने बताया कि घरिंडा थाने में स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। यादव ने कहा कि इसमें शामिल अन्य व्यक्तियों की पहचान करने और तस्करी के गिरोह का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

# व्यक्तिगत मामलों के लिए दो देशों के मुखिया न मिलते हैं, न बात करते हैं

**अमेरिका में अदाणी मुद्दे पर बोले प्रधानमंत्री मोदी**

**द्विपक्षीय वार्ता**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 16 साल पहले दोनों देशों के बीच हुए ऐतिहासिक असैन्य परमाणु समझौते के तहत भारत में अमेरिकी डिजाइन वाले परमाणु रिएक्टरों के निर्माण को सुविधाजनक बनाने की दिशा में आगे बढ़ने का संकल्प लिया।

**भारत-अमेरिका समृद्धि के लिए मेगा साझेदारी कर रहे**

सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के साथ उनकी उत्कृष्ट बैठक हुई और उनकी ये बातचीत भारत-अमेरिका मित्रता को महत्वपूर्ण गति प्रदान करेगी। मोदी ने एक्स पर कहा, 'राष्ट्रपति ट्रंप अक्सर एमएजीए के बारे में बात करते हैं। भारत में हम विकसित भारत की दिशा में काम कर रहे हैं, जिसका अमेरिकी संदर्भ में मतलब एमआईजीए है। भारत-अमेरिका समृद्धि के लिए मेगा साझेदारी कर रहे हैं।'

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी अमेरिका यात्रा पूरी करके शुक्रवार को भारत के लिए रवाना हो गए। इस यात्रा के दौरान उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ व्यापार एवं प्रौद्योगिकी, रक्षा एवं सुरक्षा, ऊर्जा तथा दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों सहित विभिन्न विषयों पर उच्च स्तरीय द्विपक्षीय वार्ता की। इस दौरान पीएम मोदी ने अमेरिका में अदाणी समूह को लेकर जारी विवाद को लेकर भी सवाल किया गया। 'क्या अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बैठक में कारोबारी गौतम अदाणी के खिलाफ मामले पर चर्चा हुई?' के सवाल पूछे जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'भारत एक लोकतांत्रिक देश है और हमारी संस्कृति 'वसुधैव कुटुम्बकम' की है, हम पूरी दुनिया को एक परिवार मानते हैं। हर भारतीय को मैं अपना मानता हूं। ऐसे व्यक्तिगत मामलों के लिए दो देशों के मुखिया न मिलते है न बैठते हैं न बात करते हैं।'इससे पहले पीएम मोदी बुधवार को फ्रांस से अमेरिका पहुंचे और गुरुवार (भारतीय समयानुसार शुक्रवार के दिन) को ट्रंप ने उनकी मेजबानी की। रिपब्लिकन नेता ने पिछले महीने दूसरे कार्यकाल के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति का पद संभालने के बाद पहली द्विपक्षीय वार्ता की मेजबानी की।



**'देश में सवाल पूछो तो चुप्पी, विदेश में पूछो तो निजी मामला**

**राहुल ने अडाणी मामले को लेकर पीएम मोदी पर साधा निशाना**



अमेरिका के दौरे पर गए पीएम मोदी ने इस सवाल को खारिज कर दिया कि क्या उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ गौतम अडानी अभियोग मुद्दे पर चर्चा की थी। उन्होंने कहा, भारत एक लोकतंत्र है और हमारी संस्कृति 'वसुधैव कुटुंबकम' है, हम पूरी दुनिया को एक परिवार मानते हैं। मेरा मानना है कि हर भारतीय मेरा है।

# पुलवामा आतंकी हमले की बरसी पर पीएम मोदी, राहुल ,शाह और राजनाथ ने किया नमन, आतंकियों को दी चेतावनी

**14 फरवरी 2019 को आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा ने कायराना हरकत की थी**

एक आत्मघाती हमलावर ने अपने वाहन को सीआरपीएफ के काफिले में घुसाने के बाद विस्फोट कर दिया था जिससे 40 से ज्यादा सैनिकों की जान चली गई थी। इसके जवाब में भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के बालाकोट में आतंकी शिविरों को निशाना बनाया था।

एजेंसी

नयी दिल्ली। सारा देश आज पुलवामा शहीदों को श्रद्धांजलि दे रहा है और आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने का वचन भी दोहरा रहा है। हम आपको याद दिला दें कि वर्ष 2019 में आज के ही दिन आतंकवादियों ने पुलवामा में बड़े हमले को अंजाम दिया था, जिसमें देश के 40 जवान शहीद हो गए थे। पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के आतंकियों ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों के वाहन पर आत्मघाती हमला किया था। इस हमले के महज 12 दिनों के बाद भारत ने पाकिस्तान से बदला लिया और 26 फरवरी को बालाकोट में एयर स्ट्राइक को अंजाम दिया था। इस एयर स्ट्राइक में भारतीय सेना ने जैश के कई आतंकियों को मार गिराया था। इस मौके पर गृह मंत्री अमित शाह ने भी शहीद जवानों को नमन किया है. उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा कि मोदी सरकार जीरों टॉलरेंस की नीति पर हमेशा कायम है और देश से आतंकवाद के खात्मे के लिए संकल्पित है. उन्होंने 2019 में पुलवामा आतंकी हमले को कायराना बताया. उन्होंने कहा कि उनकी कुबीर्नी बेकार नहीं जाएगी. अमित शाह ने आतंकवाद को मानव जाति का दुश्मन बताया और कहा कि पूरी दुनिया सदैव इसके खिलाफ है. उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि हमारी सरकार इसके खात्मे के लिए प्रतिबद्ध है.राजनाथ सिंह ने भी दी श्रद्धांजलिरक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी है।



**पीएम मोदी ने किया याद**

पुलवामा आतंकी हमले की छठी बरसी पर पीएम मोदी ने देश के वीर सपूतों को याद किया है. उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' पर वीर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देते लिखा कि 2019 में हमने जिन वीर जवानों को खोया उन्हें शत-शत नमन. आने वाली पीढ़ियां उनके बलिदान और राष्ट्र के प्रति उनकी अटूट समर्पण भावना को कतई नहीं भूलेगी.

# फडणवीस ने त्रिवेणी संगम में लगाई आस्था की डुबकी

**बोले- योगी सरकार के आयोजन को याद रखेगी दुनिया**



एजेंसी

प्रयागराज ,महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने अपनी पत्नी अमृता और बेटी दिविजा के साथ प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई। इसके बाद फडणवीस ने कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि मैं आज अपने परिवार के साथ महाकुंभ में शामिल हो सका। यहां की अद्भुत व्यवस्थाओं के लिए मैं योगी जी को बधाई देता हूं। महाकुंभ में आने वाला हर व्यक्ति खुश है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या से एक नया रिकॉर्ड बन रहा है। महाकुंभ के प्रबंधन और यहां आने वाले लोगों की संख्या देखकर दुनिया हैरान है। अमृता फडणवीस ने कहा कि हमें बहुत खुशी है कि हम उन 50 करोड़ लोगों में शामिल हैं जिन्होंने महाकुंभ के दौरान भक्ति की पवित्र डुबकी लगाई है। मैं योगी जी को धन्यवाद देना चाहती हूं। हम प्रयास कर रहे हैं कि नासिक में अगला कुंभ भी भव्य हो और अच्छी व्यवस्था हो।

अमृता फडणवीस ने कहा कि हमें बहुत खुशी है कि हम उन 50 करोड़ लोगों में शामिल हैं जिन्होंने महाकुंभ के दौरान भक्ति की पवित्र डुबकी लगाई है। मैं योगी जी को धन्यवाद देना चाहती हूं। हम प्रयास कर रहे हैं कि नासिक में अगला कुंभ भी भव्य हो और अच्छी व्यवस्था हो।

उत्तर प्रदेश सरकार ने बताया कि प्रयागराज महाकुंभ के दौरान 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगायी है। इससे पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सनातन धर्म सुरक्षित रहेगा तो न केवल भारत सुरक्षित रहेगा बल्कि वैश्विक मानवता सुरक्षित रहेगी। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी ने कहा, सनातन धर्म वास्तव में मानव धर्म है। सनातन धर्म ही वैश्विक मानवता का धर्म है। सनातन धर्म सुरक्षित रहेगा तो न केवल भारत सुरक्षित रहेगा बल्कि वैश्विक मानवता सुरक्षित रहेगी। वह गोरखनाथ मंदिर में श्रृंगेरी शारदा पीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य विधुशेखर भारती सन्निधानम के आशीर्वचन के पूर्व उनके अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

## फिर बढ़ेगी सत्येंद्र जैन की मुश्किलें, गिरफ्तार करने के लिए गृह मंत्रालय ने राष्ट्रपति से मांगी मंजूरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। गृह मंत्रालय (एमएचए) ने राष्ट्रपति से दिल्ली के पूर्व मंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) नेता सत्येन्द्र जैन के खिलाफ अभियोजन मंजूरी देने का अनुरोध किया है। अधिकारियों ने कहा कि मंत्रालय ने 60 वर्षीय राजनेता के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 218 के तहत मंजूरी मांगी है। उन्होंने कहा कि मंजूरी के लिए अनुरोध प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच और पर्याप्त सबूत की मौजूदगी के आधार पर किया गया था।

# कुंभ मेले से यूपी की जीडीपी में 3 लाख करोड़ की बढ़ोतरी : नितिन गडकरी

**नितिन गडकरी ने लखनऊ में 1028 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास**

यूपी में रामराज्य स्थापित करने में सफल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ- गडकरी.केंद्रीय परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गिनाई विकास की उपलब्धियां.उत्तर प्रदेश में बड़े औद्योगिक निवेश की है तैयारी- केंद्रीय मंत्री.देश की अर्थव्यवस्था को गति देने वाले अग्रणी राज्यों में शामिल है यूपी- नितिन गडकरी .उत्तर प्रदेश में हो रहा बुनियादी ढांचे का ऐतिहासिक विकास- गडकरी.

एजेंसी

**लॉजिस्टिक लागत कम कर भारत को बनाएंगे आर्थिक महाशक्ति : नितिन गडकरी**



लखनऊ ।उत्तर प्रदेश को भारत की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के संकल्प को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार लगातार बुनियादी ढांचे के विकास पर जोर दे रही है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने प्रदेश में हो रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश अब बीमारू राज्य नहीं रहा, बल्कि यह देश की अर्थव्यवस्था को गति देने वाले अग्रणी राज्यों में शामिल हो गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यूपी में रामराज्य स्थापित करने में सफलता हासिल की है। नितिन गडकरी लखनऊ में आयोजित 1028 करोड़ रुपये के विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण व शिलान्यास कार्यक्रम में लोगों को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को विश्व गुरू व 5 ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने का लक्ष्य रखा गया है और इसमें उत्तर प्रदेश की भूमिका अहम होगी। उन्होंने जोर दिया कि अगर सड़क, जल, ऊर्जा, परिवहन और संचार की व्यवस्थाएं मजबूत होंगी, तो उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा, पूंजी निवेश आकर्षित होगा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

# पीएम मोदी-राहुल गांधी करेंगे नए चुनाव आयुक्त का चयन, 17 फरवरी को बैठक

18 फरवरी को मौजूदा मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार की सेवानिवृत्ति से पहले, पैनल बैठक करेगा और एक नाम को अंतिम रूप देगा। इसके बाद राष्ट्रपति सिफारिश के आधार पर अगले सीईसी की नियुक्ति करेंगे।

एजेंसी

नयी दिल्ली ।भारत के अगले मुख्य चुनाव आयुक्त के नाम को अंतिम रूप देने के लिए पीएम मोदी की अगुवाई वाली चयन समिति अगले सप्ताह बैठक करेगी। वर्तमान सीईसी राजीव कुमार की सेवानिवृत्ति से पहले, पैनल एक खोज समिति द्वारा चुने गए उम्मीदवारों में से एक नाम की सिफारिश करेगा। चयन समिति में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री भी शामिल हैं।




**राजीव कुमार 18 फरवरी को सेवानिवृत्त होंगे**

18 फरवरी को मौजूदा मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार की सेवानिवृत्ति से पहले, पैनल बैठक करेगा और एक नाम को अंतिम रूप देगा। इसके बाद राष्ट्रपति सिफारिश के आधार पर अगले सीईसी की नियुक्ति करेंगे। पारंपरिक परंपराओं के अनुसार, पिछले साल एक नया कानून लागू होने से पहले, सबसे वरिष्ठ चुनाव आयुक्त (ईसी) को पदधारी की सेवानिवृत्ति के बाद सीईसी के रूप में पदोन्नत किया गया था। सीईसी और ईसी की नियुक्तियों पर नए कानून के अनुसार, एक खोज समिति पदों पर नियुक्ति के लिए प्रधान मंत्री के नेतृत्व वाले पैनल द्वारा विचार करने के लिए पांच सचिव स्तर के अधिकारियों के नामों को शॉर्टलिस्ट करती है।

## महाकुंभ में अब तक रिकॉर्ड 50 करोड़ पहुंचे श्रद्धालु

**दुनिया के किसी आयोजन में इतनी भीड़ नहीं जुटी, राहुल-प्रियंका 16 को पहुंचेंगे**

एजेंसी

प्रयागराज , महाकुंभ में 33 दिनों में 50 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने स्नान किया। इतिहास में ये सबसे बड़ा आयोजन रिकॉर्ड किया गया। 45 दिनों तक चलने वाले महाकुंभ के अभी 12 दिन और बचे हैं।अमेरिका और चीन की कुल आबादी के बाद तीसरी सबसे बड़ी आबादी के बराबर लोग प्रयागराज पहुंचे हैं।ब्राजील के रियो फेस्टिवल या जर्मनी के अक्टूबर फेस्ट में आने वाली भीड़ इसके मुकाबले कुछ नहीं है। रियो कार्निवल 9 फरवरी से शुरू हुआ है जो 17 फरवरी तक चलेगा, इसमें



रोज करीब 20 लाख लोग पहुंचते हैं। वहीं 16 दिनों तक चलने वाले जर्मनी के अक्टूबर फेस्ट में करीब 70 लाख लोग पहुंचते हैं। महाकुंभ में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और प्रियंका गांधी 16 फरवरी को डुबकी लगाएंगे। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, उनके आने का प्रोग्राम लगभग फाइनल हो चुका है। तैयारियां की जा रही हैं।

**गुहार** | **सुप्रीम कोर्ट से लगाई ये गुहार**

# एफआईआर के जाल में फंसे रणवीर इलाहाबादिया

एजेंसी

नयी दिल्ली। यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया ने यूट्यूब शो इंडियाज गॉट लेटेंट में अतिथि भूमिका के दौरान की गई कथित अश्लील टिप्पणियों के संबंध में उनके खिलाफ दर्ज कई एफआईआर को एक साथ जोड़ने की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना ने इलाहबादिया के वकील द्वारा उल्लेख किए जाने के बाद कहा कि मामला जल्द ही सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा। रणवीर अल्लाहबादिया द्वारा एक प्रतियोगी से अनुचित सवाल पूछे जाने के बाद विवाद खड़ा हो गया था। यह वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिस पर तीखी प्रतिक्रिया और




निंदा हुई। व्यापक सार्वजनिक आक्रोश के बाद, महाराष्ट्र साइबर विभाग ने इंडियाज गॉट लेटेंट यूट्यूब शो पर कथित तौर पर अश्लील सामग्री बनाने के लिए पॉडकास्टर अल्लाहबादिया, कॉमेडियन समय रैना और अन्य कलाकारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। पुलिस अधिकारी के अनुसार, साइबर विभाग ने आईटी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है और कॉमेडी शो के सभी एपिसोड कुल 18 को हटाने की मांग की है। अपनी जांच के दौरान, साइबर विभाग ने पाया कि प्रतिभागियों और मेहमानों सहित शो से जुड़े अन्य लोगों को कार्यक्रम में अश्लील भाषा का उपयोग करते देखा गया था। असम पुलिस ने अल्लाहबादिया और साथी यूट्यूबर आशीष चंचलानी को नया समन जारी किया है, जो पैनल का हिस्सा भी थे। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा था कि 10 फरवरी को गुवाहाटी पुलिस ने इन पांच यूट्यूबर और सामग्री निमार्ताओं के खिलाफ ₹अश्लीलता को बढ़ावा देने और यौन रूप से स्पष्ट और अश्लील चर्चा में शामिल होने₹ के लिए एक प्राथमिकी दर्ज की थी। अल्लाहबादिया ने बाद में एक सार्वजनिक माफीनामा पोस्ट किया और मजाक करते समय निर्णय की कमी की बात स्वीकार की। इस बीच, समय रैना ने अपने यूट्यूब चैनल से अपने शो के सभी एपिसोड भी डिलीट कर दिए, जिसे लाखों व्यूज मिले थे।

इस बीच, राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने रणवीर इलाहाबादिया, समय रैना और अन्य यूट्यूबर्स को शो में उनके द्वारा किए गए आपत्तिजनक और नस्लीय टिप्पणियों को लेकर समन जारी किया है। इस मामले पर सुनवाई की तारीख 17 फरवरी, स्थान- एनसीडब्ल्यू कार्यालय, नई दिल्ली रखा गया है।

भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना ने इलाहबादिया के वकील द्वारा उल्लेख किए जाने के बाद कहा कि मामला जल्द ही सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा। रणवीर अल्लाहबादिया द्वारा एक प्रतियोगी से अनुचित सवाल पूछे जाने के बाद विवाद खड़ा हो गया था।

# डीएमके सांसद के सीट को एयर इंडिया ने किया डाउग्रेड, अन्नामलाई ने साधा निशाना



एक्स पर अपनी पोस्ट में, थंगापांडियन ने कहा यह सिर्फ मेरे बारे में नहीं है अगर एक सांसद के साथ इस तरह का व्यवहार किया जा सकता है, तो मैं यह सोचकर कांप जाती हूं कि अन्य यात्रियों के साथ कैसा व्यवहार किया जाता है। स्थिति से निपटने में एयरलाइन की आलोचना करते हुए उन्होंने अधिकारियों से हस्तक्षेप करने का आग्रह किया। यात्री अधिकारों और सेवा मानकों की ऐसी उपेक्षा चौंकाने वाली है।

एजेंसी

नयी दिल्ली। डीएमके सांसद थमिझाची थंगापांडियन ने दिल्ली-चेन्नई उड़ान में उनकी बिजनेस क्लास की सीट को बिना किसी पूर्व सूचना के डाउनग्रेड किए जाने पर एयर इंडिया की आलोचना की। चेन्नई दक्षिण की सांसद ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए इस घटना को बिल्कुल अस्वीकार्य बताया और यात्री अधिकारों पर चिंता जताई। एक्स पर अपनी पोस्ट में, थंगापांडियन ने कहा यह सिर्फ मेरे बारे में नहीं है अगर एक सांसद के साथ इस तरह का व्यवहार किया जा सकता है, तो मैं यह सोचकर कांप जाती हूं कि अन्य यात्रियों के साथ कैसा व्यवहार किया जाता है। स्थिति से निपटने में एयरलाइन की आलोचना करते हुए उन्होंने अधिकारियों से हस्तक्षेप करने का आग्रह किया। यात्री अधिकारों और सेवा मानकों की ऐसी उपेक्षा चौंकाने वाली है। उनकी टिप्पणी पर तीखी राजनीतिक प्रतिक्रिया हुई, तमिलनाडु भाजपा प्रमुख के अन्नामलाई ने शब्दों के चयन को लेकर सांसद पर कटाक्ष किया। थंगापांडियन की इस टिप्पणी का जिक्र करते हुए कि अन्नामलाई ने डीएमके नेता पर अधिकार और अभिजात्यवाद प्रदर्शित करने का आरोप लगाया।

## सम्पादकीय

# सरल आयकर, जटिल नियम अब आसानी से समझ पाएंगे

यह सही समय है कि उन लोगों पर निगाह दौड़ाई जाए जो समर्थ होते हुए भी आयकर नहीं देते। आखिर जो संपन्न किसान एक सीमा से अधिक आय अर्जित करते हैं उन्हें आयकर के दायरे में क्यों नहीं लाया जाना चाहिए? इसकी अनदेखी नहीं की जाए कि कृषि आय को टैक्स के दायरे से बाहर रखने के नियम का दुरुपयोग भी किया जा रहा है। यह सराहनीय है कि 63 वर्ष पुराने आयकर कानून को बदलने के लिए एक विधेयक लोकसभा में प्रस्तुत कर दिया गया। इसके माध्यम से आयकर की भाषा को सरल बनाने के साथ ही अनावश्यक प्रविधानों को हटाया जाएगा। आयकर कानून बदलने और उसे सरल एवं सुस्पष्ट करने के प्रयास किए जा रहे हैं, इसकी पुष्टि इससे होती है कि नया आयकर विधेयक 622 पन्नों का है, जबकि मौजूदा आयकर अधिनियम में 1647 पन्ने हैं। वित्त मंत्री की मानें तो नए आयकर कानून से कर संहिता अधिक सरल हो जाएगी और वह आयकर अधिकारियों के साथ आयकरदाताओं को भी राहत प्रदान करेगी। इससे अच्छा और कुछ नहीं कि आयकरदाताओं को जटिल नियमों के साथ आसानी से समझ न आने वाली भाषा से छुटकारा मिले। चूंकि आयकर विधेयक को संसदीय समिति के पास भेजने का निर्णय लिया गया है, इसलिए यह आशा की जाती है कि वहां उस पर व्यापक विचार-विमर्श के दौरान उसे वास्तव में सरल रूप देने में मदद मिलेगी। इस अपेक्षा के साथ ही यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि ऐसा माहौल बनाने की आवश्यकता है, जिससे लोग स्वेच्छा से आयकर देने को प्रेरित हों और उनके मन में किसी तरह का भय न रहे। जितना आवश्यक आयकर संबंधी नियम-कानून सरल करना है, उतना ही इसकी गुंजाइश खत्म करना भी कि आयकर विभाग लोगों से अनावश्यक रूप से न तो सवाल-जवाब कर सके और न ही किसी भूल-चूक पर उन्हें तंग कर सके। यह तब संभव होगा, जब आयकर अधिकारी आयकरदाताओं को संदेह की दृष्टि से देखना बंद करेंगे। उन्हें यह भी समझना होगा कि आयकर बचाने के उपाय अपनाने का मतलब कर चोरी करना नहीं होता। आयकर विभाग को उन कारणों का निवारण भी करना होगा, जिनके चलते लोग आय छिपाने के जतन करते हैं। इसी के साथ ऐसी भी व्यवस्था करनी होगी, जिससे आयकर का आकलन करने और उसकी वसूली में भ्रष्टाचार न होने पाए। यह इसलिए जरूरी है, क्योंकि चंद दिनों पहले ही फेसलेस असेसमेंट योजना में सेंधमारी का मामला सामने आया इस मामले में आयकर विभाग के एक डिप्टी कमिश्नर को भी लिप्त पाया गया। यह भी समय की मांग है कि सरकार आयकरदाताओं की संख्या बढ़ाने के उपाय करे।

## आज का विचार







**मेष :** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्ययवृद्धि होगी। तनाव रहेगा। अपरिचितों पर विश्वास न करें। प्रयास में आलस्य व विलंब नहीं करना चाहिए। रुके हुए काम समय पर होने की संभावना है। विरोधी परास्त होंगे। यात्रा कष्टप्रद हो सकती है। धैर्य एवं संयम बना रहेगा।

**वृष :** कोर्ट-कचहरी में अनुकूलता रहेगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। झंझटों में न पड़ें। उधार दिया धन मिलने से राहत हो सकती है। जीवनसाथी का सहयोग उलझे मामले सुलझाने में सहायक हो सकेगा। वाहन सावधानी से चलाएँ।

**मिथुन :** बेरोजगारी दूर होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। जोखिम न लें। क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखें। सत्कार्य में रुचि बढ़ेगी। प्रियजनों का पूर्ण सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक चिंताएँ दूर होंगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**कर्क :** भूमि व भवन संबंधी कार्य लाभ देंगे। रोजगार मिलेगा। शत्रु भय रहेगा। निवेश व नौकरी लाभ देंगे। व्यापार अच्छा चलेगा। कार्य के विस्तार की योजनाएँ बनेंगी। रोजगार में उन्नति एवं लाभ की संभावना है। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। लाभदायक समाचार मिलेंगे।

**सिंह :** उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। शत्रु सक्रिय रहेंगे। शोक समाचार मिल सकता है। थकान महसूस होगी। व्यावसायिक चिंता रहेगी। संतान के व्यवहार से कष्ट होगा। सहयोगी मदद नहीं करेंगे। व्ययों में कटौती करने का प्रयास करें। वाहन चलाते समय सावधानी रखें।

**कन्या :** अतिथियों का आवागमन रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। स्वाभिमान बना रहेगा। नई योजनाओं की शुरूआत होगी। संतान की प्रगति संभव है। भूमि व संपत्ति संबंधी कार्य होंगे। पूर्व कर्म फलीभूत होंगे। परिवार में सुखद वातावरण रहेगा। व्यापार में इच्छित लाभ होगा।

**तुला :** चोट, चोरी व विवाद से हानि संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कुसंगति से हानि होगी। अपने काम से काम रखें। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें। आवास संबंधी समस्या हल होगी। आलस्य न करें। सोचे काम समय पर नहीं हो पाएँगे।

**वृश्चिक :** राजकीय बाधा दूर होकर लाभ होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। क्रोध पर नियंत्रण रखें। लाभ होगा। रुके हुए काम समय पर पूरे होने से आत्मविश्वास बढ़ेगा। परिवार की समस्याओं का समाधान हो सकेगा। व्यापार में नई योजनाएँ बनेंगी। व्यापार अच्छा चलेगा।

**धनु :** रोमांस में समय बीतेगा। मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। व्यापार के कार्य से बाहर जाना पड़ सकता है। कार्यपद्धति में विश्वसनीयता बनाएँ रखें। धनार्जन होगा।

**मकर :** दिन प्रेमभरा गुजरेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। रुका हुआ धन मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें। प्रियजनों से पूरी मदद मिलेगी। धन प्राप्ति के योग हैं। स्वयं के सामर्थ्य से ही भाग्योन्नति के अवसर आएँगे। संतान के कार्यों में उन्नति के योग हैं।

**कुंभ :** रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। विवाद न करें। सामाजिक एवं राजकीय ख्याति में अभिवृद्धि होगी। आर्थिक अनुकूलता रहेगी। रुका धन मिलने से धन संग्रह होगा। राज्यपक्ष से लाभ के योग हैं।

**मीन :** नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। मान-सम्मान मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा।

स्वास्थ्य के प्रति सावधानी रखें। कार्यक्षमता एवं कार्यकुशलता बढ़ेगी। कर्म के प्रति पूर्ण समर्पण व उत्साह रखें। व्यापार में नई योजनाओं से लाभ होगा।

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# देश के हितों पर चोट करती विदेशी सहायता, भारत को अपने हितों की रक्षा के लिए और अधिक सक्रिय होना होगा

> अमेरिका में बदले राजनीतिक परिदृश्य और डोनाल्ड ट्रंप की साफगोई वाली विदेश नीति इसमें तात्कालिक रूप से सहायक सिद्ध हो सकती है लेकिन भारत को अपने हितों की रक्षा के लिए और अधिक सक्रिय होना होगा। इसलिए और भी क्योंकि आम तौर पर विदेशी सहायता देने वालों के अपने संकीर्ण स्वार्थ होते हैं। विदेशी फंडिंग के जटिल से जटिल मार्गों को रोकने का प्रबंध करना चाहिए।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जबसे अंतरराष्ट्रीय विकास के लिए संयुक्त राज्य अमेरिकी एजेंसी अर्थात यूएसएड का अमेरिकी विदेश विभाग में विलय करने का निर्णय लिया है, तबसे इस एजेंसी के कार्यकलापों को लेकर चौंकाने वाले रहस्योद्घाटन हो रहे हैं। स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे कुछ अच्छे प्रयासों पर धन खर्च करने वाली यह संस्था अमेरिका के सत्ता परिवर्तन अभियान का जरिया भी बनी हुई थी। अमेरिकी विदेश विभाग के पूर्व अधिकारी माइक बेंज ने दावा किया है कि यूएसएड ने विभिन्न माध्यमों से बांग्लादेश में तख्तापलट को प्रोत्साहित करने के बाद भारतीय विमर्श को भी प्रभावित करने का प्रयास किया। बेंज के अनुसार अमेरिका ने बांग्लादेश की शेख हसीना सरकार को कमजोर करने के लिए सांस्कृतिक तनाव का इस्तेमाल कर उनकी सरकार के खिलाफ भावनाओं को भड़काया। बेंज ने आरोप लगाया है कि यूएसएड अन्य अमेरिकी सरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर भारत में मोदी विरोधी राजनीतिक कथानक को तैयार करने के लिए लगातार प्रयास करती रही है। इस कथानक का उपयोग 2019 के आम चुनावों में मोदी विरोधी हवा बनाने के लिए तो किया ही गया, साथ ही आनलाइन विमर्श में हेराफेरी करने, विपक्षी आंदोलनों को वित्तपोषित करने और कुछ दृष्टिकोणों को सेंसर करने के लिए भी किया गया। बेंज की मानें तो यूएसएड और उसके सहयोगियों ने प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा को गलत सूचनाएं यानी फेक न्यूज प्रचारित करने का आरोपित बनाकर पेश किया



और ऐसा चित्रण तैयार करने के बाद फेसबुक, वाट्सएप, यूट्यूब और ट्विटर (एक्स) जैसे इंटरनेट मीडिया नेटवर्क पर मोदी समर्थक सामग्री को सेंसरशिप के दायरे में लाने का औचित्य गढ़ा। बेंज का दावा है कि यूएसएड से जुड़े संगठनों ने भारत में फेक न्यूज की फर्जी रिपोर्ट तैयार करने के लिए अंतरराष्ट्रीय मीडिया और डिजिटल फोरेंसिक समूहों के साथ सहयोग भी किया। यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि यूएसएड का उस फ्रीडम हाउस नामक संस्था से गठजोड़ है, जो भारतीय लोकतंत्र को लगातार निचले पायदान पर रखती है और यह संदेश देने की कोशिश करती है कि भारत में लोकतंत्र कमजोर होता जा रहा है। इन सनसनीखेज दावों के बीच विकिलीक्स ने भी उजागर किया है कि यूएसएड ने स्वतंत्र पत्रकारिता के विकास का दावा करने वाली इंटरन्यूज नामक एक अन्य संस्था को लगभग 4,100 करोड़ का अनुदान दिया। इस अनुदान का एक हिस्सा भारत भी आया, जिसमें बड़ी रकम सुप्रीम कोर्ट के एक वकील की ऐसी संस्था को मिली, जिसके परामर्शदाता और उसके द्वारा संचालित कार्यशालाओं में मोदी विरोधी एक्टिविस्ट और पत्रकारों के नाम सामने आते हैं। ये सभी मोदी सरकार के धुर विरोधियों में गिने जाते हैं। इनमें से कई की गिनती वामपंथियों में भी होती है। यह भी कोई संयोग नहीं कि अमेरिकी दूतावास ने 1.6 करोड़ के बजट की घोषणा से पब्लिक मीडिया ट्रेनरों की नियुक्ति के लिए जो मुहिम चलाई थी, उसके नेतृत्व के लिए इन्हीं के बीच के एक यूट्यूबर पत्रकार को चुना था और उसे दूतावास निमंत्रित किया था। द पैंफलेट नामक पोर्टल ने कुछ समय पहले यह उजागर किया था कि अंधविरोध से ग्रस्त घोर मोदी विरोधी और मैग्सेसे पुरस्कार विजेता एक भारतीय पत्रकार पर अमेरिका में बनाई गई डाक्युमेंट्री को फोर्ड फाउंडेशन से आर्थिक सहायता मिली थी। इससे पहले राजीव गांधी फाउंडेशन को जार्ज सोरोस से अनुदान मिलने की खबर आई थी, परंतु अब सैम पित्रोदा के एनजीओ जीकेआइ को भी यूएसएड से पैसा मिलने की बात सामने आई है। यह ध्यान रहे कि राहुल गांधी के अमेरिकी कार्यक्रमों को आयोजित करने का कार्यभार सैम पित्रोदा के जिम्मे ही रहता है। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि गांधी परिवार के राजीव गांधी फाउंडेशन को चीनी कम्युनिस्ट पार्टी से चंदा मिला था। इसके चलते फाउंडेशन का विदेश चंदे संबंधी एफसीआरए लाइसेंस को रद कर दिया गया था। भारतीय राजनीति और भारतीय मीडिया में विदेशी दखल का चलन नई बात नहीं है। मित्रोखिन आर्काइव्स में वर्णित सोवियत रूसी हस्तक्षेप से लेकर चीनी फंडिंग प्राप्त एक न्यूज पोर्टल की ओर से देश में अराजकता फैलाने के प्रकरण समय-समय पर उजागर होते रहे हैं। देश की राजनीति में विदेशी और खासकर अमेरिकी हस्तक्षेप और राजनीतिक एवं मीडिया कथानक को पैसे के दम पर तोड़ने-मरोड़ने का प्रयास इस मायने में भिन्न है कि यह बेशर्मी से खुलेआम हो रहा है। यूएसएड के जरिये अमेरिकी प्रयास इस मायने में और भी खतरनाक थे कि वे राजनीति के अलावा लोकतंत्र के विभिन्न अंगों को प्रभावित और अधिग्रहित कर भारतीय संप्रभुता को खुली चुनौती दे रहे थे। इसके अलावा ऐसे प्रयास दूरगामी सामाजिक एवं सांस्कृतिक विप्लव की जमीन भी तैयार करते हैं। यूएसएड द्वारा मोटा चंदा प्राप्त वर्ल्ड विजन और परोक्ष रूप से सहायता प्राप्त जोशुआ प्रोजेक्ट इसका उदाहरण हैं। ये संस्थाएं न सिर्फ मतांतरण करा रही हैं, बल्कि हिंदुओं के प्रति घृणा का माहौल भी तैयार करती हैं। चाहे राजनीति हो या पत्रकारिता, एक्टिविज्म हो या फिर सामाजिक कार्य, भारत में सभी प्रकार के लोगों को अपनी रुचि और अपने मंतव्य के अनुसार चलने की पूरी छूट है, परंतु एक संप्रभु राष्ट्र का स्वाभिमान इसकी अनुमति कभी नहीं दे सकता कि विदेशी ताकतों और विदेशी पैसे के बल पर देश की दशा-दिशा प्रभावित हो। यह बहुत चिंताजनक बात है कि न सिर्फ पत्रकार और एक्टिविस्ट किस्म के लोग, बल्कि कुछ राजनेता भी अमेरिकी हाथों में खेलने को तैयार हैं। ऐसी दुष्चेष्टा की जितनी निंदा की जाए, कम है। इसके प्रति देश को सावधान रहना होगा। इसके साथ ही सरकार को भी चाहिए कि विदेशी फंडिंग के जटिल से जटिल मार्गों को रोकने का प्रबंध करे। अमेरिका में बदले राजनीतिक परिदृश्य और डोनाल्ड ट्रंप की साफगोई वाली विदेश नीति इसमें तात्कालिक रूप से सहायक सिद्ध हो सकती है, लेकिन भारत को अपने हितों की रक्षा के लिए और अधिक सक्रिय होना होगा। इसलिए और भी, क्योंकि आम तौर पर विदेशी सहायता देने वालों के अपने संकीर्ण स्वार्थ होते हैं।

# बेलगाम होते जा रहे कोचिंग संस्थान

विजय गर्ग



उन महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक जहां दृश्यमान परिवर्तनों को जनवरी 2025 के बाद देखा जाएगा, यह संचार परिदृश्य भूवैज्ञानिक रूप से है। यह युग वैश्विक संचार के बहुत स्पीडवे को फिर से परिभाषित करने के लिए तैनात है, एक महत्वपूर्ण प्रश्न के साथः क्या हम संचार वितरण, सामग्री अभिविन्यास, आउटरीच तंत्र और उपकरणों में 360-डिग्री परिवर्तन के कगार पर हैं? भूवैधानिक रूप से, संचार पारिस्थितिकी तंत्र एक नई भाषा को गले लगाएगा-जो कि केंद्रित संदेश, परिणाम-चालित वितरण, और यथार्थवादी पैटर्न और वैश्विक प्रभावों की पहचान करने के लिए औसत दर्जे के परिणामों की प्राथमिकता है। जैसा कि दुनिया भू -राजनीतिक बदलाव के इस नए अध्याय में कदम रखती है, संचार रणनीतियाँ अधिक परिष्कृत, गतिशील और बहुआयामी होती जा रही हैं। घंटे की आवश्यकता यह है कि नए गठजोड़ को स्थानांतरित करने वाले राजनीतिक परिदृश्य और प्रमुख भू -राजनीतिक विकास में शामिल किया जाए। विकसित होने वाली राजनीतिक जलवायु पारंपरिक प्रतिमानों को चुनौती दे रही है, संचार विशेषज्ञों, राजनयिकों और नीति निमार्ताओं को यह पुनर्विचार करने के लिए मजबूर करती है कि संदेश कैसे तैयार किए जाते हैं, वितरित किए जाते हैं, और एक वैश्विक मंच पर प्राप्त किए जाते हैं। ईआरए एक संचार ढांचे की मांग करता है जो न केवल सीमाओं को स्थानांतरित करता है, बल्कि पुल भी सटीक, रचनात्मकता और प्रामाणिकता के साथ विभाजित करता है। 2025 में, ₹एक चित्र एक हजार शब्दों के लायक है₹ वाक्यांश अधिक अनुनाद पर ले जाता है। संदेश देने के लिए दृश्य संचार सबसे प्रभावशाली तरीका बन गया है। एक एकल, अच्छी तरह से तैयार की गई छवि में भावनाओं, विचारों और आख्यानों को व्यक्त करने की शक्ति होती है जो शब्दों को एनकैप्सुलेट करने के लिए संघर्ष कर सकते हैं। इस पर निर्माण, उदाहरण के लिए, शॉर्ट-फॉर्म वीडियो और 30-सेकंड रीलों का विस्फोट, परिदृश्य को और बदल दिया गया है। उनकी संक्षिप्तता और भावनात्मक गहराई उन्हें जनता की राय को आकार देने, समर्थन जुटाने और यहां तक कि तनाव को कम करने में अद्वितीय प्रभाव के उपकरण बनाती है। यह विकास भू -राजनीतिक क्षेत्र में संचारकों पर अपार जिम्मेदारी रखता है। कूटनीति, एक बार मुख्य रूप से बंद दरवाजों के पीछे आयोजित की जाती है, डिजिटल प्लेटफार्मों द्वारा प्रवर्धित क्यूरेटेड विजुअल, प्रतीकात्मक इशारों और रणनीतिक संदेश के माध्यम से सार्वजनिक डोमेन में तेजी से खेल रही है। विदेश नीति के लिए, चुनौती यह है कि संवेदनशीलता बनाए रखते हुए ट्रस्ट का निर्माण करने के लिए इन उपकरणों का उपयोग करते हुए, पारदर्शिता और रणनीति को संतुलित करना है। जैसा कि सोशल मीडिया ने अपनी तेजी से वृद्धि जारी रखी है, कई लोग पूछते हैं कि क्या पारंपरिक मीडिया अभी भी इस डिजिटल बाजीगरी के सामने अपनी जमीन पकड़ सकता है। सोशल मीडिया ने व्यक्तियों, सरकारों और संगठनों को अपने दर्शकों के लिए एक सीधा चैनल देते हुए, वैश्विक रूप से वैश्विक और लोकतांत्रिक संचार किया है। यह, सगाई और वायरल जाने की शक्ति पर पनपता है, जिससे यह भू -राजनीतिक संचार में एक आवश्यक उपकरण बन जाता है। हालांकि, पारंपरिक मीडिया अप्रचलित से दूर है। सूचना अधिभार के युग में, एक विश्वसनीय द्वारपाल के रूप में इसकी भूमिका महत्वपूर्ण है। जबकि सोशल मीडिया इस समय का दूत है, पारंपरिक मीडिया गहराई, विश्लेषण और संदर्भ प्रदान करता है-ऐसे तत्व जो सूचित निर्णय लेने के लिए महत्वपूर्ण हैं। संचार के लिए इस नए भू -राजनीतिक युग में प्रभावी होने के लिए, दो माध्यमों को एक -दूसरे को पूरक करना चाहिए, एक समग्र कथा का निर्माण करना चाहिए जो तत्काल और स्थायी दोनों है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उदय ने वैश्विक संचार में जटिलता की एक और परत को जोड़ा है। एआई-चालित एनालिटिक्स दर्शकों के व्यवहार, वरीयताओं और भावनाओं में अभूतपूर्व अंतर्दृष्टि को सक्षम करते हैं, इसके लिए अनुमति देते हैंहाइपर-पर्सनलाइज्ड मैसेजिंग। ये उपकरण राजनयिकों और विदेश नीति विशेषज्ञों के लिए अमूल्य हैं, जो अब अपार सटीकता के साथ संदेशों को शिल्प कर सकते हैं और अधिक सटीकता के साथ उनके प्रभाव की भविष्यवाणी कर सकते हैं। हालांकि, इन प्रगति के साथ नैतिक दुविधाएं आती हैं। रणनीतिक संचार और हेरफेर के बीच की रेखा आसानी से धुंधला हो सकती है, जवाबदेही और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए मजबूत ढांचे की आवश्यकता होती है। जैसे -जैसे संचार परिदृश्य अधिक जटिल हो जाता है, कुशल विशेषज्ञों की मांग बढ़ रही है। ये पेशेवर केवल सूचना के लिए चैनल नहीं हैं, वे रणनीतिकार, विश्लेषक और रचनाकार हैं जो विविध और तेजी से बदलती दुनिया में संदेश की बारीकियों को समझते हैं। पारंपरिक मीडिया को डिजिटल नवाचारों और दर्शकों-केंद्रित दृष्टिकोणों को गले लगाने के लिए प्रासंगिक बने रहने के लिए विकसित होना चाहिए। इस बीच, सोशल मीडिया को गलत सूचना, ध्रुवीकरण और गूंज कक्षों के मुद्दों से जूझना चाहिए, एक मंच बनने का प्रयास करना चाहिए जो विभाजित होने के बजाय एकजुट हो। इस युग में, संचार अब केवल एक संदेश देने के बारे में नहीं है; यह धारणाओं को आकार देने, संबंधों के निर्माण और ड्राइविंग कार्रवाई के बारे में है। जैसे-जैसे दुनिया तेजी से परस्पर जुड़ती जाती है, प्रभावी ढंग से संवाद करने की क्षमता नव-सामूहिक रूप से राजनीतिक युग की जटिलताओं को नेविगेट करने में सबसे शक्तिशाली उपकरणों में से एक होगी। गठबंधनों को स्थानांतरित करने और वैश्विक प्राथमिकताओं को विकसित करने से चिह्नित युग में, बहुपक्षीय संस्थानों को चुनौतियों और अवसरों दोनों का सामना करना पड़ता है। प्रमुख देशों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय ढांचे के लिए प्रतिबद्धताओं के पुनः काम ने वैश्विक सहमति की नाजुकता को नोटिस किया है, सार्वजनिक स्वास्थ्य, जलवायु परिवर्तन और आर्थिक असमानता जैसी साझा चुनौतियों को संबोधित करने में इन संस्थानों की भूमिका और प्रासंगिकता के बारे में सवाल उठाते हैं। यह स्थानांतरण परिदृश्य सामूहिक जिम्मेदारी पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करने के साथ बहुपक्षीय स्थानों के भीतर कूटनीति के लिए अधिक बारीक दृष्टिकोण के लिए कहता है। इन संस्थानों के लिए एक जटिल भू -राजनीतिक जलवायु में पनपने के लिए, उन्हें पारदर्शिता को बढ़ावा देने, विविध हितधारकों को संलग्न करने और कार्रवाई को चलाने की उनकी क्षमता को बढ़ाने के लिए संचार प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाना चाहिए।

# योग के अग्रदूत परमहंस स्वामी निरंजनानंद सरस्वती

कुमार कृष्णन-विभूति फीचर्स

परमहंस स्वामी निरंजनानंद सरस्वती शुद्ध परंपरागत योग के अग्रदूत हैं। 14 फरवरी को उनका अवतरण दिवस है। वे विश्व प्रसिद्ध बिहार योग विद्यालय के संस्थापक परमहंस स्वामी सत्यानंद सरस्वती के आध्यात्मिक उत्तराधिकारी हैं। योग निद्रा जीवन में किस तरह चमत्कार पैदा करता है, इसके जीवंत उदाहरण हैं स्वामी निरंजनानंद सरस्वती । औपचारिक शिक्षा कुछ भी नहीं पर असीमित ज्ञान के सागर हैं। उन्हें योग निद्रा के जरिए ही सारी शिक्षा मिल गई थी। 14 फरवरी का दिन बाल योग दिवस के रुप में मनाया जाता है।

स्वामी सत्यानंद सरस्वती ने स्वामी निरंजनानंद के बारे में कहा था- ₹स्वामी निरंजन ने मानवता के कल्याण के लिए ही जन्म और सन्यास लिया है। वह सक्षम प्रतिभा संपन्न हैं इसलिए मैंने उसे अपना उत्तराधिकारी बनाया है। जब वह चार साल का था तभी मैंने चुन लिया था और उसी लक्ष्य के अनुरूप उसकी शिक्षा-दीक्षा आरंभ कर दी थी। पर उसे यह मालूम नहीं था कि वह एक दिन मेरा उत्तराधिकारी बनेगा। उसका व्यक्तित्व नए युग के अनुरूप है वह नई पीढ़ी से सहजता से व्यवहार कर लेता है मेरी सोच पचास साल पहले की है लेकिन वह आज की पीढ़ी की तरह सोच सकता है।

बात 1956 की है। स्वामी सत्यानंद ऋषिकेश स्थित स्वामी शिवानंद के आश्रम में रह रहे थे। उन्होंने स्वामी सत्यानंद को अपने पास बुलाया और कहा कि आपके जाने का समय आ गया है। जाओ और दुनिया में परिव्राजक की तरह घूमो। दुनिया को योग सिखाओ। स्वामी सत्यानंद संसार भ्रमण के लिए निकल पड़े। 1963 तक वह परिव्राजक की तरह भ्रमण करते रहे। स्वामी सत्यानंद को वे बीस साल बाद वापस मिले और इस अवधि में दुनिया को सत्यानंद के जरिए योग मिला। इन्हीं बीस सालों में मुंगेर में बिहार योग विद्यालय की स्थापना हुई, जहां से निकल कर सत्यानंद पूरी दुनिया में जाते थे, और पूरी दुनिया से निकल कर लोग बिहार योग विद्यालय आते रहे। एक से एक प्रामाणिक, वैज्ञानिक योग ग्रंथों का प्रकाशन हुआ। बीसवीं सदी में योग का जो पुनर्जागरण होना था बिहार योग विद्यालय उसका केन्द्र बन गया और स्वामी सत्यानंद सूत्रधार।

दुनिया का शायद ही कोई ऐसा महाद्वीप होगा जहां स्वामी सत्यानंद ने योग का बीज न बोया हो। अरब से लेकर अमरीका तक। अफ्रीका से लेकर आस्ट्रेलिया तक। स्वामी शिवानंद का यह परिव्राजक सन्यासी पूरी दुनिया में घूम घूम कर योग का बीज बो रहा था, जो आगे चल कर पुष्पित और पल्लवित होने वाला था। लेकिन, एक तरफ जहां वे वर्तमान की जमीन पर योग के बीज रोपित कर रहे थे, वहीं दूसरी तरफ, भविष्य में इसके रख रखाव की योजना पर भी काम कर रहे थे, ताकि फूल खिलने से पहले मुरझा न जाए। यह कोई दस-बीस साल का मामला नहीं था। अब तो यह शताब्दियों का मामला है। एक पवित्र परंपरा के पुनर्जागरण काल में सिर्फ वर्तमान नहीं होता। उसका अपना एक भविष्य होता है, और उस भविष्य की अपनी एक योजना भी। चार साल के स्वामी निरंजन इसी दैवीय योजना का हिस्सा होकर बिहार स्कूल आफ योगा पहुंचे थे। 1964 बिहार स्कूल आफ योगा और स्वामी निरंजन दोनों के लिहाज से बहुत महत्वपूर्ण साल है। इसी साल मुंगेर में बिहार योग विद्यालय की स्थापना हुई और इसी साल चार साल के निरंजन योग विद्यालय में प्रविष्ट हुए। छत्तीसगढ़ के राजनादगांव में 14 फरवरी 1960 को जन्मे स्वामी निरंजनानंद की जीवन दिशा उनके गुरु स्वामी सत्यानंद द्वारा निर्देशित रही। यहां उन्हें गुरु ने योगनिद्रा के माध्यम से योग और आध्यात्म का प्रशिक्षण दिया।

# ऑपरेशन टाइगर' का टीजर है साल्वी की शिंदे गुट में एंट्री, पारे के साथ महाराष्ट्र में बढ़ने वाली सियासी गर्मी

- महाराष्ट्र में ऑपरेशन टाइगर की संभावना बढ़ी
- आदित्य ठाकरे ने दिल्ली पहुंचकर किया कंट्रोल
- न मिलो उनसे ज्यादा की जारी हुई एडवाइजरी



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः महाराष्ट्र की राजनीतिक एक बार फिर से बड़ी उथल-पुथल का अनुमान लगाया जा रहा है। चर्चा है कि पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना यूबीटी एक बार फिर से टूट सकती है। कोकण क्षेत्र से आने वाले पूर्व विधायक राजन साल्वी की एकनाथ शिंदे गुट में एंट्री को 'ऑपरेशन टाइगर' का टीचर माना जा रहा है। सूत्रों का कहना है कहा महाशिवरात्रि के बाद जैसे-जैसे ही मुंबई और महाराष्ट्र में पारा ऊपर चढ़ेगा वैसे-वैसे सियासी गर्मी बढ़ सकती है। ऐसे में ट्रेलर और पिक्चर बाकी है। दिल्ली में एकनाथ शिंदे के बेटे श्रीकांत शिंदे और फिर केंद्रीय मंत्री प्रताप जाधव की डिनर पार्टी में उद्धव के सांसदों की मौजूदगी से राजनीतिक गलियारों में शिवसेना यूबीटी के टूटने की अटकलें लग रही है। शिवसेना यूबीटी की तरफ से सांसदों को एडवाइजरी जारी की गई है। इसमें गया है न मिलो उनसे ज्यादा। अब देखना है कि कितने सांसद इस पर अमल करते हैं।

## अभी पिक्चर तो बाकी है...

राजन साल्वी शिवसेना के कद्दावर नेता रहे हैं। विधानसभा चुनावों में वह उद्धव ठाकरे की पार्टी से चुनाव लड़े लेकिन वह नहीं जीत पाए। ऐसे में राजन साल्वी ने शिंदे गुट की ओर रुख कर लिया। संभावना जताई जा रही है

# जब कसाब को रखा तो तहव्वुर राणा...भारत के दुश्मन के प्रत्यर्पण पर बोले महाराष्ट्र सीएम फडणवीस

भारत के दुश्मन और मुंबई हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा मंजूरी दिए जाने पर महाराष्ट्र के सीएम फडणवीस ने पीएम मोदी का आभार व्यक्त किया है।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः मुंबई हमले में मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अगुवाई वाली सरकार द्वारा स्वीकृति दिए जाने के बाद काउंटडाउन शुरू हो गया है। दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ उच्च स्तरीय बैठक के बाद महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि तहव्वुर राणा के लिए मुंबई की जेल तैयार है। फडणवीस ने कहा कि कसाब के बाद मुंबई हमलों की साजिश में शामिल राणा के लिए मुंबई में पूरी तैयारी कर ली गई है। दिल्ली में गृह मंत्रालय में हुई बैठक में राज्य की डीजीपी रश्मि शुक्ला भी मौजूद रही थी। ऐसा समझा जाता है कि अब आने

## डोनाल्ड ट्रंप ने तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण की मंजूरी दी



वाले कुछ ही दिनों में तहव्वुर राणा को भारत लाया जा सकता है। मुंबई हमले में सरकारी वकील रहे उज्जवल निकम ने पिछले दिनों कहा था कि राणा एनआईए की कस्टडी में जाएगा।

## क्या बोले फडणवीस?

26/11 प्लानिंग का मास्टरमाइंड रहा। इसके लिए देश के पीएम मोदी को धन्यवाद देता हूं। पिछले दिनों महाराष्ट्र सरकार ने तहव्वुर राणा को भारत लाने के लिए अमेरिका को सबूत सौंपे थे। जिसके कारण इस मामले में पाकिस्तान का जो हाथ। वह सामने आया है। हम सभी भारतवासी चाहते थे कि हमारे खिलाफ साजिश करने वाले और हमला करने वाले इस मास्टरमाइंड को भारत को सौंपा जाए। पहले अमेरिका तैयार नहीं था। उनके प्रोटेक्शन में वह था लेकिन पीएम मोदी की पहल पर तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण ने ट्रंप ने मंजूरी दे दी है, क्योंकि हम यह मानते हैं कि हमारे लीगल और ज्यूडिशियल सिस्टम के माध्यम से यह अपराधी सजा पाए।

- पीएम मोदी के लौटने से पहले दिल्ली में एक अहम बैठक हुई
- सीएम फडणवीस बोले, मुंबई की जेल राणा के लिए तैयार हैं

यह हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। फडणवीस ने कहा कि 26/11 के मुंबई हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा के अमेरिका द्वारा प्रत्यर्पण को मंजूरी देने से इस हमले में हुए शहीदों को न्याय मिलेगा। फडणवीस ने आगे कहा कि मुंबई ने जब कसाब को जेल में रखा तो तहव्वुर राणा को रखना कौन सी बड़ी बात है, उसे बिल्कुल रख लेंगे।

## कौन है तहव्वुर राणा?

तहव्वुर राणा पाकिस्तानी मूल का कनाडा का नागरिक है। अमेरिका में उसे लश्कर-ए-तैयबा (छीळ) जैसे प्रतिबंधित संगठन का समर्थन करने का दोषी पाया गया है। भारत उसे 2008 के मुंबई हमलों में शामिल होने के आरोप में चाहता है।

# 65 साल से अधिक उम्र के रिक्शा चालकों को मिलेंगे 10,000 रुपये, परिवहन मंत्री सरनाईक ने की घोषणा

धर्मवीर आनंद दिघे महाराष्ट्र ऑटो-टैक्सी चालक कल्याणकारी मंडल की पहली बैठक में ही परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने 65 साल से अधिक उम्र के रिक्शा चालकों को 10,000 रुपये अनुदान देने की घोषणा की है। इस अवसर पर सरनाईक ने कहा कि कल्याण बोर्ड के माध्यम से रिक्शा चालकों को हर संभव मदद करने की हमारी सरकार की योजना है।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मुंबईः धर्मवीर आनंद दिघे महाराष्ट्र ऑटो-टैक्सी चालक कल्याणकारी मंडल की पहली बैठक में ही परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने 65 साल से अधिक उम्र के रिक्शा चालकों को 10,000 रुपये अनुदान देने की घोषणा की है। इस अवसर पर सरनाईक ने कहा कि कल्याण बोर्ड के माध्यम से रिक्शा चालकों को हर संभव मदद करने की हमारी सरकार की योजना है। हमारी सरकार सर्वश्रेष्ठ रिक्शा- टैक्सी चालक, सर्वश्रेष्ठ रिक्शा-टैक्सी चालक संघ और सर्वश्रेष्ठ रिक्शा स्टैंड के लिए हर वर्ष एक पुरस्कार भी देगी। परिवहन दिवस पर जारी होगा कल्याणकारी मंडल का लोगो वर्तमान उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अपने मुख्यमंत्री काल में राज्य के ऑटो-टैक्सी चालकों की मदद के लिए धर्मवीर आनंद दिघे महाराष्ट्र ऑटो-टैक्सी चालक कल्याणकारी मंडल का गठन किया था। बोर्ड के पास 50 करोड़ रुपये फंड है। पहली बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए परिवहन मंत्री ने कहा कि हमने निर्णय लिया है कि हर साल हम लोग 27 जनवरी को मंडल की वर्षगांठ मनाएंगे।

# उद्धव सेना का सता रहा सांसदों के टूटने का डर, जारी कर दिया शिंदे गुट से न मिलने का आदेश

- शिवसेना यूबीटी को सता रहा डर
- शिंदे की शिवसेना से लगा रहा है डर
- अपने सांसदों को जारी कर दिया आदेश

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः उद्धव ठाकरे गुट के सांसदों के शिंदे खेमे से मिलने पर शिवसेना (यूबीटी) में खलबली मच गई है। आदित्य ठाकरे ने अपनी पार्टी के सांसदों को शिंदे गुट के सांसदों से न मिलने के आदेश दिए हैं। यह मामला तब सामने आया जब कई यूबीटी सांसद शिंदे और उनके गुट के लोगों से मिलते देखे गए। यहां तक कि वे उस कार्यक्रम में भी मौजूद थे जहां शरद पवार ने शिंदे को सम्मानित किया था। यूबीटी सेना ने पवार द्वारा शिंदे को सम्मानित किए जाने पर पहले ही नाराजगी जताई थी। यूबीटी सेना को डर है कि कहीं उनके सांसद शिंदे गुट में न शामिल हो जाएं। ऐसे शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे ने अपने सांसदों को शिंदे खेमे के सांसदों के साथ मेलजोल न रखने की हिदायत दी है। आदित्य ने सांसदों से कहा है कि शिंदे गुट के किसी भी नेता के डिनर न्योते को स्वीकार करने से पहले पार्टी नेतृत्व से अनुमति लें। 11 फरवरी को दिल्ली में जब पवार ने शिंदे को सम्मानित किया, तब मुंबई उत्तर पूर्व से यूबीटी सांसद संजय दीना पाटिल उस कार्यक्रम में मौजूद थे। बताया जा रहा है कि पाटिल उसी रात कल्याण के सांसद और एकनाथ शिंदे के बेटे श्रीकांत शिंदे द्वारा आयोजित एक डिनर पार्टी में भी शामिल हुए थे। इन सांसदो ने की थी शिरकत 12 नवंबर को, नागेश अष्टिकर, भाऊसाहेब वाकचौरे और संजय जाधव सहित यूबीटी सेना के लोकसभा सांसद, दिल्ली में शिवसेना सांसद और केंद्रीय मंत्री प्रतापराव जाधव द्वारा आयोजित एक डिनर में उपस्थित थे। यूबीटी खेमे ने इन मुलाकातों पर दो कारणों से आपत्ति जताई है। पहला, ऐसी एक घटना तब हुई जब यूबीटी सेना ने पवार द्वारा शिंदे को




सम्मानित करने पर पहले ही नाराजगी व्यक्त कर दी थी। यूबीटी सेना का मानना है कि यह उपमुख्यमंत्री को वैधता प्रदान करता है। दूसरा, यह सवाल उठता है कि इनमें से कितने सांसद दूसरे गुट में शामिल होंगे। शिवसेना नेताओं की ओर से लगातार यह बात कही जा रही है कि यूबीटी सेना के कई सांसद और विधायक जल्द ही उनकी पार्टी में शामिल होंगे।

फास्ट ट्रैक

# पश्चिम रेलवे महाकुंभ मेले के अवसर पर चलाएगी 2 और स्पेशल ट्रेनें

पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा महाकुंभ मेला-2025 के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को समायोजित करने के लिए वलसाड-दानापुर और साबरमती-बनारस के बीच विशेष किराए पर दो जोड़ी महाकुंभ मेला स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इन स्पेशल ट्रेनों का विवरण निम्नानुसार हैः

1. ट्रेन संख्या 09019/09020 वलसाड-दानापुर महाकुंभ मेला स्पेशल (2 फेरे)

ट्रेन संख्या 09019 वलसाड-दानापुर महाकुंभ मेला स्पेशल रविवार, 23 फरवरी, 2025 को वलसाड से 08:40 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 18:00 बजे दानापुर पहुंचेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09020 दानापुर-वलसाड महाकुंभ मेला स्पेशल सोमवार, 24 फरवरी, 2025 को 23:30 बजे दानापुर से प्रस्थान करेगी और बुधवार को 09:30 बजे वलसाड पहुंचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में नवसारी, भेस्तान, नंदुरबार, अमलनेर, भुसावल, खंडवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, चुनार, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशनों पर रुकेगी।

इस ट्रेन में एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।

2. ट्रेन संख्या 09453/09454 साबरमती-बनारस महाकुंभ मेला स्पेशल (2 फेरे)

ट्रेन संख्या 09453 साबरमती - बनारस महाकुंभ मेला स्पेशल शनिवार, 22 फरवरी, 2025 को साबरमती से 11.00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 16.00 बजे बनारस पहुंचेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09454 बनारस-साबरमती महा कुंभ मेला स्पेशल रविवार, 23 फरवरी, 2025 को बनारस से 19.30 बजे प्रस्थान करेगी और मंगलवार को 00.30 बजे साबरमती पहुंचेगी।

यह ट्रेन दोनों दिशाओं में महेसाणा, पालनपुर, आबू रोड, पिंडवाड़ा, फालना, रानी, मारवाड़, ब्यावर, अजमेर, किशनगढ़, जयपुर, दौसा, बांदीकुई, भरतपुर, आगरा फोर्ट, टूंडला, इटावा, गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज और ज्ञानपुर रोड स्टेशनों पर रुकेगी।

इस ट्रेन में एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।

ट्रेन संख्या 09019 एवं 09453 की बुकिंग 15 फरवरी, 2025 से सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। ट्रेनों के ठहराव, समय और संरचना के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

# वरिष्ठ पत्रकार ओमप्रकाश तिवारी के सुपुत्र की सगाई समारोह और तिलकोत्सव वाशी स्थित बालाजी मंदिर हाल में आयोजित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

नवीमुम्बई। वरिष्ठ पत्रकार ओमप्रकाश तिवारी के सुपुत्र रंजन तिवारी का सगाई समारोह और तिलकोत्सव वाशी स्थित बालाजी मंदिर हाल में आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में पत्रकारिता, राजनीति, विधि क्षेत्र, व्यवसाय सहित हर क्षेत्र की हस्तियां उपस्थित थीं। इस अवसर पर यशोभूमि के सम्पादक श्रीनारायण तिवारी, नवभारत के सम्पादक ब्रजमोहन पांडेय, नवभारत के ठाणे प्रभारी राकेश पांडेय, एनसीपी के प्रदेश महासचिव डॉ पारस नाथ तिवारी, उद्योगपति समाजरत्न डॉ विजय पंडित, वरिष्ठ पत्रकार एचपी तिवारी, नवभारत टाइम्स के वरिष्ठ पत्रकार अनिल शुक्ला, नवभारत के वरिष्ठ पत्रकार सूर्य प्रकाश मिश्रा, दैनिक भास्कर के वरिष्ठ पत्रकार वीरेंद्र शुक्ला, वरिष्ठ पत्रकार अधिवक्ता सुरेंद्र मिश्रा और न्यूज चैनल शिखर तक के मुम्बई चीफ अनिल बारी, पूर्व सांसद कुंवर हरिवंश सिंह, सुप्रसिद्ध वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश त्रिपाठी उपस्थित रहे।

# भारतीय रेलवे द्वारा मध्य रेल के इनोवेशन को प्रथम और द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया

वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारतीय रेलवे पर सर्वश्रेष्ठ इनोवेशन की सुझाव योजना में मध्य रेल ने प्रथम और द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया है।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सर्वश्रेष्ठ इनोवेशन के लिए प्रथम पुरस्कार मध्य रेल ने जलमग्न परिस्थितियों में पॉइंट मशीन विफलताओं को रोकने के लिए अभिनव समाधान प्रदान करने के लिए जीता, जो मानसून के दौरान मुंबई में उपनगरीय सेवाओं को चलाने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार मध्य रेल की टीम द्वारा विशेष रूप से मानसून के दौरान जलमग्न परिस्थितियों में पॉइंट मशीन विफलताओं को रोकने के लिए समाधान खोजने में उनके अभूतपूर्व कार्य के लिए किए गए असाधारण प्रयासों को मान्यता देता है। पॉइंट मशीन कवर के संशोधन को मध्य रेल की समर्पित टीम द्वारा आंतरिक रूप से विकसित किया गया है, जो अभिनव, लागत प्रभावी और व्यावहारिक समाधान के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस समाधान को मध्य रेल नेटवर्क में विशेष रूप से मुंबई उपनगरीय क्षेत्र में विभिन्न पहचाने गए बाढ़-प्रभावित स्थानों पर लागू किया गया था, जिससे व्यापक सुरक्षा और बढ़ी हुई विश्वसनीयता सुनिश्चित हुई। मानसून के दौरान बाढ़ के कारण पॉइंट मशीन की विफलताओं में कमी से परिचालन दक्षता में उल्लेखनीय सुधार हुआ। इस वृद्धि ने सुनिश्चित किया कि ट्रेन परिचालन सुचारू और निर्बाध रहे, पॉइंट और पेपर अथॉरिटी की मैन्युअल क्लैम्पिंग की आवश्यकता को समाप्त किया, जो पारंपरिक रूप से ऐसी विफलताओं के दौरान अत्यधिक देरी का कारण बनता है और स्थानीय लोगों की समय की पाबंदी को बाधित करता है। पॉइंट मशीन कवर में संशोधन अधिक विश्वसनीय और मजबूत रेलवे बुनियादी ढांचे और संचालन को सुनिश्चित करता है। मध्य रेल ने कोचों की नियमित स्वास्थ्य (हेल्थ) निगरानी के माध्यम से पानी की उपलब्धता और संरक्षा के माध्यम से यात्री सुविधा सुनिश्चित करने के लिए चलती कोचों में पानी की टंकियों के लिए एक वास्तविक समय जल स्तर नोटिफायर प्रणाली विकसित करने के लिए संयुक्त रूप से सर्वश्रेष्ठ नवाचार के लिए दूसरा पुरस्कार जीता।

## प्रथम पुरस्कार में 3 लाख रुपये और दूसरे पुरस्कार में 2 लाख रुपये की नकद राशि होती है।

भारतीय रेलवे द्वारा सर्वश्रेष्ठ इनोवेशन के लिए सुझाव योजना का उद्देश्य रचनात्मक कर्मचारियों की पहचान करना और उन्हें पुरस्कृत करना है जो रेलवे संचालन के विभिन्न पहलुओं में व्यावहारिक सुधार का प्रस्ताव देते हैं, मनोबल बढ़ाते हैं और पूरे नेटवर्क में उत्पादकता और गुणवत्ता बढ़ाने के लिए लागत प्रभावी नवाचारों को प्रोत्साहित करते हैं। इस योजना का उद्देश्य सभी स्तरों पर कर्मचारियों को ऐसे नवीन विचारों के साथ आने के लिए प्रोत्साहित करना है जो रेलवे सेवाओं की दक्षता और गुणवत्ता में सुधार कर सकें। यह योजना तीन स्तरों पर संचालित होती हैः मंडल/कार्यशाला, क्षेत्रीय/उत्पादन इकाई और रेलवे बोर्ड स्तर। ऐसे इनोवेशन जो कार्यान्वयन योग्य हैं और अपनी उपयोगिता प्रदर्शित करते हैं, उन्हें पुरस्कारों के लिए विचार किया जाता है। यह योजना कर्मचारियों को प्रेरित करने, नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देने और रेलवे प्रणाली के भीतर मौजूदा चुनौतियों के संभावित समाधानों की पहचान करने में मदद करती है और इसे रेलवे कर्मचारियों से बेहतरीन प्रतिक्रिया मिली है। इस योजना का उद्देश्य सभी कर्मचारियों के बीच नवाचार और रचनात्मकता की भावना को बढ़ावा देना है ताकि वे नए समाधानों को उत्पादक रूप से लागू और कार्यान्वित कर सकें।

# दिनांक 16.02.2025 (रविवार) को मध्य रेल पर मेगा ब्लॉक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मध्य रेल, मुंबई मंडल दिनांक 16.02.2025 को विभिन्न इंजीनियरिंग और रखरखाव कार्यों को पूरा करने के लिए अपने उपनगरीय खंडों पर मेगा ब्लॉक परिचालित करेगा, विवरण इस प्रकार हैः

सीएसएमटी मुंबई और विद्याविहार के बीच सुबह 10.55 बजे से दोपहर 3.35 बजे तक अप और डाउन स्लो लाइनसीएसएमटी मुंबई से सुबह 10.48 बजे से दोपहर 3.32 बजे तक छूटने वाली डाउन स्लो सेवाओं को सीएसएमटी मुंबई और विद्याविहार स्टेशनों के बीच डाउन फास्ट लाइन पर डायवर्ट किया जाएगा और भायखला, परेल, दादर, माटुंगा, सायन और कुर्ला स्टेशनों पर रुकेगी और आगे विद्याविहार स्टेशन पर डाउन स्लो लाइन पर डायवर्ट की जाएगी। सुबह 10.19 बजे से दोपहर 3.29 बजे तक घाटकोपर से छूटने वाली अप स्लो सेवाएं विद्याविहार और सीएसएमटी मुंबई स्टेशनों के बीच अप फास्ट लाइन पर डायवर्ट की जाएंगी और कुर्ला, सायन, माटुंगा, दादर, परेल और भायखला स्टेशनों पर रुकेंगी। सुबह 11.10 बजे से शाम 4.10 बजे तक कुर्ला और वाशी स्टेशनों के बीच अप और डाउन हार्बर लाइनें सुबह 10.34 बजे से दोपहर 3.36 बजे तक सीएसएमटी मुंबई से पनवेल/बेलापुर/वाशी के लिए छूटने वाली डाउन हार्बर लाइन सेवाएं और सुबह 10.16 बजे से दोपहर 3.47 बजे तक पनवेल/बेलापुर/वाशी के लिए सीएसएमटी मुंबई के लिए छूटने वाली अप हार्बर लाइन सेवाएं रद्द रहेंगी। ब्लॉक अवधि के दौरान सीएसएमटी मुंबई-कुर्ला और पनवेल-वाशी सेक्शन पर विशेष उपनगरीय ट्रेनें चलेंगी। हार्बर लाइन के यात्रियों को ब्लॉक अवधि के दौरान सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक ठाणे-वाशी/नेरुल स्टेशनों के बीच यात्रा करने की अनुमति है। ये रखरखाव मेगा ब्लॉक बुनियादी ढांचे के रखरखाव और संरक्षा के लिए आवश्यक हैं। यात्रियों से अनुरोध है कि वे होने वाली असुविधा के लिए रेलवे प्रशासन को सहयोग करें।

# रविवार, 16 फरवरी, 2025 को बोरीवली और गोरेगाँव स्टेशनों के बीच पश्चिम रेलवे का मेजर ब्लॉक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, ट्रैक, सिगनलिंग और ओवरहेड उपस्करों के रखरखाव हेतु रविवार, 16 फरवरी, 2025 को 10:00 बजे से 15:00 बजे तक बोरीवली और गोरेगाँव स्टेशनों के बीच अप एवं डाउन फास्ट लाइनों पर पाँच घंटे का मेजर ब्लॉक लिया जाएगा। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ब्लॉक अवधि के दौरान गोरेगाँव और बोरीवली स्टेशनों के बीच अप एवं डाउन फास्ट लाइन की सभी ट्रेनें धीमी लाइनों पर चलाई जाएँगी। ब्लॉक के कारण अप एवं डाउन दिशा की कुछ उपनगरीय सेवाएँ निरस्त रहेंगी तथा अंधेरी और बोरीवली की कुछ लोकल ट्रेनें हार्बर लाइन पर गोरेगाँव स्टेशन तक चलेंगी। इस संबंध में विस्तृत जानकारी संबंधित स्टेशन मास्टरों के पास उपलब्ध है। यात्रियों से अनुरोध है कि कृपया उपरोक्त व्यवस्थाओं को ध्यान में रखकर यात्रा करें।

# लाडली बहना योजना की टेंशन, महाराष्ट्र सरकार अलग-अलग विभागों के खर्च में कटौती करेगी?

- लाडली बहना योजना से 2 करोड़ महिलाएं हो रही हैं लाभान्वित
- सरकार ने अन्य विभागों के खर्चों में कटौती शुरू की
- वित्त मंत्रालय ने खर्च के लिए 70% आवंटन का निर्देश दिया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना यानी लाडली बहना योजना के तहत महाराष्ट्र में 2.5 लाख रुपये से कम आय वाले परिवारों की महिलाओं को हर महीने 1,500 रुपये की वित्तीय सहायता मिल रही है। महाराष्ट्र में ऐसी लगभग 2 करोड़ महिलाएं राज्य सरकार से वित्तीय लाभ प्राप्त कर रही हैं। लेकिन लगातार चर्चा हो रही है कि इस योजना से सरकार के खजाने पर भारी दबाव पड़ रहा है। अब भी चर्चा है कि राज्य सरकार ने इस योजना के बोझ को देखते हुए अन्य विभागों के खर्चों में कटौती शुरू कर दी है।

**पश्चिम रेलवे**

**विभिन्न कार्य**

मुख्य वर्कशॉप प्रबंधक, ईएमयू वर्कशॉप, महालक्ष्मी, मुंबई – 400 013 द्वारा **ई-निविदा सूचना क्र. : ईएल90/एमएक्स/2024-25/15, दि. 11.02.2025** आमंत्रित की जाती है. कार्य का नाम : बीटी, मेधा, एसी भेल ईएमयू रेक्स के अंडर-फ्रेम में सेंसर्स और इलेक्ट्रिकल कनेक्शन्स, एयर स्प्रिंग पाइप की आपूर्ति, अधिष्ठापन, परीक्षण और क्रियान्वयन (मात्रा – 19 रेक्स). **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 2,27,15,762.85. **ईएमडी** : रु. 2,63,600/-. **निविदा जमा करने तथा निविदा खुलने की तिथि एवं समय** : निविदा जमा करना 07.03.2025 को 12.00 बजे तक (इलेक्ट्रिकली) है. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 1079

Like us on: facebook.com/WesternRly

# मध्य रेल, महाप्रबंधक द्वारा नागपुर मंडल के बल्लारशाह-सेवाग्राम खंड का संरक्षा निरीक्षण

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री धर्म वीर मीना ने 14 फरवरी, 2025 को नागपुर मंडल के बल्लारशाह-सेवाग्राम खंड का विस्तृत संरक्षा निरीक्षण किया।

बल्लारशाह में निरीक्षण

बल्लारशाह में महाप्रबंधक ने निम्नलिखित का निरीक्षण कियाः

रूट रिले इंटरलॉकिंग (आरआरआई) केबिन और पैनल रूम,

रिले/पावर यूनिट।

रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) थाने में सीसीटीवी नियंत्रण कक्ष।

स्टेशन प्रबंधक का कार्यालय

क्रू लॉबी, क्रू रनिंग रूम

स्टेशन पर पीआरएस काउंटर और विभिन्न यात्री सुविधाएँ

सीमित ऊँचाई वाला सबवे

माल शेड, और बल्लारशाह में सड़क दुर्घटना राहत ट्रेन।

डृ अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे कार्य




महाप्रबंधक ने यह भी कहाः

कर्मचारियों से बातचीत की और उन्हें सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सतर्क रहने की सलाह दी।

मौजूदा क्षमता को साकार करने और लोडिंग क्षमता बढ़ाने की योजनाओं पर चर्चा करने के लिए सम्मानित माल ग्राहकों के साथ बातचीत की।

चंद्रपुर में निरीक्षण

श्री मीना ने चंद्रपुर स्टेशन का संक्षिप्त निरीक्षण किया।

महाप्रबंधक ने श्री किशोर जोरगेवार, माननीय विधायक और श्री सुधाकर अडबाले, माननीय एमएलसी से भी मुलाकात की और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

श्री मीना ने कर्मचारियों के ज्ञान में सुधार और यात्रियों और माल ग्राहकों को सेवाओं के विस्तार के लिए विभाग-विशिष्ट पुस्तिकाओं का भी विमोचन किया।

भांदक-माजरी सेक्शन का निरीक्षण

भांदक-माजरी सेक्शन पर, श्री मीना ने निरीक्षण कियाः



कोंडा ब्रिज

कर्व नंबर 01 और लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 32।

महाप्रबंधक ने रेलवे रेल और वेल्ड में दोषों का पता लगाने, रेलवे बुनियादी ढांचे की संरक्षा और विश्वसनीयता में सुधार के लिए उपयोग किए जाने वाले अल्ट्रासोनिक (फ्लोर डिटेक्शन टूल) दोष पहचान उपकरणों को प्रदर्शित करने वाले प्रदर्शनी स्टालों का भी दौरा किया।

वरोरा में निरीक्षण

वरोरा में, महाप्रबंधक ने निरीक्षण कियाः

स्टेशन, रेलवे स्वास्थ्य इकाई और स्टाफ कॉलोनी।

श्री मीना ने माननीय विधायक श्री करण संजय देवताले से भी मुलाकात की और उनके साथ कई मुद्दों पर चर्चा की।

हिंगणघाट में निरीक्षण

श्री मीना ने हिंगणघाट में ट्रैक्शन सब स्टेशन का निरीक्षण किया

स्पीड रन टेस्ट

महाप्रबंधक ने हिंगणघाट-चितोडा सेक्शन पर किमी 789/7 से 762.07 के बीच स्पीड रन टेस्ट भी किया।

नागपुर

नागपुर में महाप्रबंधक नेः

शाखा अधिकारियों से बातचीत की, जिसमें रेलवे के बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने के लिए संरक्षा, रखरखाव, गुणवत्ता और प्रशिक्षण (एसएमक्यूटी) की दिशा में प्रयासों में तीन गुना वृद्धि के माननीय रेल मंत्री के आह्वान पर जोर दिया गया।

यूनियन प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की

प्रेस से बातचीत की और वास्तविक प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर दिया गया।

महाप्रबंधक ने निरीक्षण के दौरान जमीनी स्तर के कर्मचारियों से भी बातचीत की, जिसमें संरक्षित ट्रेन परिचालन और परिचालन दक्षता के महत्व पर जोर दिया गया।

निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक के साथ नागपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री विनायक गर्ग, प्रमुख विभागाध्यक्ष तथा मुख्यालय एवं नागपुर मंडल के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

**पश्चिम रेलवे**

**मरम्मत कार्य**

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, 6ठी मंजिल, अभियांत्रिकी विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400 008 द्वारा **निविदा सूचना क्र. : बीसीटी/24-25/283 दि. 13.02.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य एवं स्थान** : महालक्ष्मी (ईएमयू वर्कशॉप) – प्रशासनिक भवन और वर्कशॉप एरिया के ऑडिटोरियम हॉल, पैसेज, सीढियों, रूफ शीट इत्यादि की मरम्मत, जीएम निरीक्षण के संबंध में तत्काल मरम्मत कार्य. **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 1,00,15,206.77. ईएमडी : रु. 2,00,100/-. **जमा करने की तिथि एवं समय** : 11.03.2025, 15.00 बजे तक **खुलने की तिथि एवं समय** : 11.03.2025 को 15.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. **मैन्युअल प्रस्तावों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा.** 1078

Like us on: facebook.com/WesternRly

**मध्य रेल**

सोलापूर मंडल

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य), मध्य रेल, सोलापुर, निम्नलिखित कार्य के लिए ख्याति प्राप्त, अनुभवी और लाईसेंसधारी विद्युत ठेकेदारों से रेल्वे की ई प्रोक्यूरमेंट वेबसाइट www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन ई निविदा आमंत्रित करते है।

**निविदा क्रं.: सोला/वि/नि/2024/46.**

**कार्य का नाम** : सोलापुर मंडल में सभी सहायक उपकरणों के साथ विभिन्न क्षमता वाले पंपों की ऊर्जा दक्षता के प्रावधान के संबंध में विद्युत सामान्य सेवा भाग का कार्य।, **कार्य की लागत** : रु. 1,60,74,494.89/-, **बोली प्रतिभूति** : रु. 2,30,400.00/-, **कार्य पुरा करने की अवधि** – 12 माह।, **निविदा प्रस्ताव की वैधता** : 60 दिन। **वेबसाइट पर निविदा बंद होने की तिथि और समय** : दि. 10/03/2025 को 15:00 बजे। बोली प्रतिभूति राशि की रकम का भुगतान ई-पेमेंट द्वारा वेबसाइट www.ireps.gov.in पर करना है।

SUN 60 वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.)

टिकट के लिए UTS APP डाउनलोड करें

# स्वास्थ्य विभाग की ओर से 'आयुष्मान कार्ड' ऑनलाइन निकालने की अपील




भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना' सितंबर में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई थी इस योजना का उद्देश्य देश में आम जनता को मुफ्त स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना है। 2018 से शुरू होने वाली यह योजना पात्र परिवार के सदस्यों को 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज प्रदान करेगी।जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा गाधर पारगे ने यह बात कहा है।म महात्मा ज्योतिराव फुले जन आरोग्य योजना और आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना 1,356 बीमारियों के इलाज के लिए प्रति परिवार 5 लाख रुपये का लाभ दे रही है।महाराष्ट्र सरकार और भारत सरकार के बीच लागत हिस्सेदारी 60:40 है।महाराष्ट्र में सभी परिवारों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य बीमा सुरक्षा की सुविधा लागू है।इसमें 34 सुविधाओं में से 1,356 आवश्यक सर्जरी/उपचार के लिए आंतरिक रोगी सेवाएँ उपलब्ध हैं।

# प्रत्येक छात्र को कम से कम एक पेड़ लगाना चाहिए : एकनाथ शिंदे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे ,हम ठाणे शहर को एक स्वच्छ और सुंदर शहर बनाने के लिए काम कर रहे हैं, अब यह एक हरित शहर के रूप में प्रसिद्ध होना चाहिए, उसमें सभी लोग भाग लें।विशेष रूप से, ठाणे में सभी छात्रों को कम से कम एक पेड़ लगाना चाहिए और उसकी देखभाल करनी चाहिए। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इस आशय का उद्गार व्यक्त करते हुए नियमानुसार कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया।उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कैडबरी जंक्शन के पास रेमंड कंपनी मैदान में ठाणे मनपा द्वारा आयोजित 14वें वृक्षावली-2025 का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि ठाणे मनपा को एक एकड़ क्षेत्र में जैविक सब्जियां उगानी चाहिए। नागरिक वहां जाएंगे और खरीदारी करेंगे। शिंदे ने कहा कि ठाणे मनपा ऐसा प्रयोग करने वाला पहली मनपा होगी। आयुक्त सौरभ राव, पूर्व महापौर मिनाक्षी शिंदे, अतिरिक्त आयुक्त (1) संदीप मालवी, अतिरिक्त आयुक्त (2) प्रशांत रोडे, उपायुक्त (पार्क) मधुकर




बोडके, वरिष्ठ उद्यान अधीक्षक केदार पाटिल और अन्य उपस्थित थे।प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के बाद उपमुख्यमंत्री शिंदे ने सजावट, पेड़ों और फूलों का निरीक्षण किया। उन्होंने विशेष वातानुकूलित कमरे में विशेष पौधों और फूलों का भी दौरा किया। उन्होंने चावल के खेतों, गांव के घरों की प्रतिकृतियां, सब्जी विभाग, औषधीय पौधे विभाग, छात्रों द्वारा बनाई गई पेंटिंग और विभिन्न प्रकार के स्टालों का भी दौरा किया।यदि आप प्रकृति का संरक्षण करना चाहते हैं तो आपको बड़ी मात्रा में पेड़-पौधे लगाने चाहिए। ठाणे मनपा ने पिछले साल मुख्यमंत्री हरित अभियान में 1.5 लाख पेड़ लगाए थे। इस वर्ष यह संख्या दो मिलियन से कुछ अधिक है। उपमुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि अगले साल फंड और बढ़ाया जाना चाहिए। मनपा बांस रोपण, ऑक्सीजन पार्क के विकास और तालाबों के सौंदर्यीकरण पर भी ध्यान दे रही है। जोगिला तालाब का जीर्णोद्धार कार्य 70 प्रतिशत पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि बचा हुआ काम जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा और जो तालाब पूरी तरह भर चुका है, उसे बहाल करने के लिए बड़ा काम किया जाएगा इस वर्ष की प्रदर्शनी 'जैव विविधता के सात रंग' की अवधारणा पर आधारित है और इसमें फूलों के पौधों, फलों के पेड़, रंगीन फूलों और पत्तियों वाले पेड़ों, औषधीय पौधों और लगभग 5,000 पौधों की लगभग 200 प्रजातियां शामिल हैं। लगभग 90 संगठनों ने आकर्षक फूलों की व्यवस्था, प्रकृति से जुड़े दृश्य और तितली की तस्वीरों की दावत पेश की है जो नागरिकों का मनोरंजन करेगी और उनके ज्ञान को बढ़ाएगी। प्रदर्शनी में कुल 30 खंड और उप-खंड हैं जिनमें गमलों में सजावटी पर्णपाती पेड़, गमलों में सजावटी फूल वाले पौधे, बौने पेड़, गमलों में ऑर्किड, मौसमी फूल, कटे हुए फूल और अन्य शामिल हैं। साथ ही, इस वर्ष, नागरिक लाइव प्रकृति पेंटिंग, विशेषज्ञों की मदद से यांत्रिक पेड़ पर चढ़ने का प्रदर्शन और हेरिटेज ट्री ट्रेल का अनुभव करेंगे। प्रदर्शनी में उद्यान-थीम वाली वस्तुओं, बांस के उत्पादों, प्राकृतिक उर्वरकों का उपयोग करके उत्पादित सब्जियां, हाइड्रोफोनिक्स तकनीक और अन्य बेचने वाले 40 स्टॉल शामिल हैं। 'वृक्षावली-2025' प्रदर्शनी के अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण समारोह रविवार, 16 फरवरी को सायं 6 बजे आयोजित किया जाएगा।

फास्ट ट्रैक

# ट्रक ने मां-बेटी को मारी टक्कर

## बाजार से सब्जी लेकर लौट रही थी, मां की मौत; 3 साल की बच्ची उछलकर दूर गिरी

शाहजहांपुर, दर्दनाक सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि उसकी 3 साल की बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई।थाना रोजा क्षेत्र के गन्ना गेस्ट हाउस के पास हुए इस हादसे में तेज रफ्तार ट्रक ने पैदल जा रही महिला को टक्कर मार दी। हथौड़ा बुजुर्ग की रहने वाली 32 वर्षीय जैनब अपनी बेटी आमरा के साथ बाजार से खरीदारी करके घर लौट रही थीं।शाम के समय गन्ना गेस्ट हाउस के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि जैनब की मौके पर ही मौत हो गई और उनकी गोद में बैठी बेटी आमरा उछलकर दूर जा गिरी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पति एक कॉलेज अध्यापक हैं।थाना प्रभारी राजीव रंजन के अनुसार पुलिस फरार ट्रक चालक की तलाश कर रही है। इस दर्दनाक हादसे से पूरे परिवार में कोहराम मच गया है। घायल बच्ची का इलाज जारी है, जबकि पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



# गायमुख में कचरा से खाद बनाने की परियोजना राज्य की सबसे बड़ी परियोजना : प्रताप सरनाईक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , गायमुख में कचरे से खाद बनाने की परियोजना ठाणे शहर की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है। वहां दोनों परियोजनाओं को मिलाकर एक बड़े क्षेत्र में इस परियोजना को लागू किया जाना चाहिए।तीन एकड़ की साइट पर उर्वरक बनाने के लिए लगभग 300 से 400 टन गीले कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निपटान किया जाएगा। परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने विश्वास जताया कि यह राज्य में अपनी तरह की सबसे बड़ी परियोजना होगी। परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने शुक्रवार सुबह ठाणे शहर-घोड़बंदर रोड क्षेत्र में चार विकास कार्यों का निरीक्षण किया। ठाणे मनपा आयुक्त सौरभ राव, अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे, नगर अभियंता प्रशांत सोनगरा, सहायक निदेशक शहरी नियोजन संग्राम कानडे, उपायुक्त मनीष जोशी, शंकर पटोले, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रानी शिंदे, उप-नगर अभियंता गुणवंत झांबरे, कार्यकारी अभियंता संजय कदम और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान इन चार महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए भारी धनराशि आवंटित की है। उनका काम अब शुरू हो गया है। उन्होंने उर्वरक निर्माण परियोजना, नगला बंदर क्रीक बैंक के सौंदर्यीकरण, बोरीवाडे मैदान के विकास और आनंद नगर में आरक्षित भूखंड पर पार्क के कार्यों का भी निरीक्षण किया। परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने कहा कि अधिकारियों को आवश्यक निर्देश और जानकारी दे दी गयी है।



इसलिए, परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार, नगरपालिका के कब्जे में अधिकतम स्थान का उपयोग करके गायमुख में 300 से 400 टन गीले कचरे से उर्वरक उत्पादन की एक एकीकृत परियोजना को अंजाम दिया जा सकता है,मनपा आयुक्त सौरभ राव ने यह बात कहा है।

### गायमुख उर्वरक परियोजना

राज्य सरकार की बुनियादी ढांचा विकास योजना के तहत ठाणे मनपा को कुल 150 करोड़ रुपये उपलब्ध कराए गए हैं। इनमें गायमुख में 97 टन का उर्वरक संयंत्र और नगला बंदरगाह पर 50 टन का उर्वरक संयंत्र, साथ ही 1.5 टन की क्षमता वाली दो मोबाइल वैन शामिल हैं।यह परियोजना राष्ट्रीय उद्यान और तुंगारेश्वर रेंज के मध्य में स्थित है। उन्होंने निर्देश दिया कि इन दोनों परियोजनाओं को लगभग तीन एकड़ भूमि पर संयोजित किया जाना चाहिए और गायमुख में मनपा के स्वामित्व वाली सभी भूमि का उपयोग करके एक बड़ी परियोजना लागू की जानी चाहिए। उन्होंने कहा, चूंकि यह शहर के दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण परियोजना है, इसलिए इसके लिए धन उपलब्ध कराया गया है।

# बदलापुर में राकांपा के युवा नेता अभिषेक जाधव ने प्रयागराज से शुद्ध गंगाजल लाकर लोगों को कुंभ स्नान करवा रहे हैं

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

बदलापुर.उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 144 वर्षों पश्चात पड़ने वाला महाकुंभ पूर्ण आस्था और श्रद्धाभाव से 13 जनवरी से 26 फरवरी के मध्य चल रहा है।देश-विदेश से श्रद्धालु अपने पापों से मुक्ति और मोक्ष प्राप्ति की आस में प्रयागराज संगम में आस्था की डुबकी लगाने जा रहे हैं। बहुतेरे ऐसे लोग भी हैं जो परिस्थितियों वश महाकुंभ महास्नान के लिए नहीं जा पा रहे हैं तो ऐसे लोगों के लिए बदलापुर में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के युवा नेता अभिषेक जाधव और उनकी टीम ने बदलापुर वासियों के लिए बदलापुर में ही कुंभ स्नान के लिए प्रयागराज संगम का शुद्ध गंगाजल स्वयं लाकर लोगों को 150 रुपए में बोतल में उपलब्ध करवाकर उनकी आस्था और विश्वास को परिपूर्ण करने में सहयोग कर रहे है ताकि बदलापुर वासी संगम के शुद्ध जल से कुंभ स्नान कर सके। संगम का जल संजय जाधव के बदलापुर पश्चिम स्थित कार्यालय से 13 फरवरी से लेकर 16 फरवरी तक सुबह 10 बजे से रात्रि 8 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है।




# नाबालिग लड़की के अपहरण का मामला

## दावत से लौटे परिवार को घर में नहीं मिली बेटी, युवक पर बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप




तिलहर,कोतवाली क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के अपहरण का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, वे रिश्तेदारी में दावत खाने गए थे और जब वापस लौटे तो उनकी नाबालिग बेटी घर पर नहीं मिली। पीड़ित पिता ने बताया कि वह अपने बेटे और बहू के साथ रिश्तेदारी में गए थे। घर लौटने पर जब बेटी नहीं मिली तो उन्होंने आस-पास उसकी तलाश की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। बाद में उन्हें जानकारी मिली कि राजू नाम का एक युवक उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है।कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि पीड़ित पिता की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीम लड़की की तलाश में जुटी हुई है और उनकी प्राथमिकता नाबालिग को सकुशल उसके परिवार तक पहुंचाना है। पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए हर संभव कोशिश कर रही है।


# त्यौहारः अंबरनाथ में शब-ए-बारात अमन-ओ-अमान और अकीदत-ओ-मुहब्बत के साथ मनाया गया

## मगफिरत और अल्लाह की रहमत पाने के लिए घरों और इबादतगाहों में इबादत करते दिखे लोग।

- कब्रिस्तान,मस्जिदों और दरगाहों को रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अंबरनाथ. शब-ए-बारात इस्लामिक धर्मावलंबियों का एक महत्वपूर्ण पर्व है। यह पर्व इस्लामिक कैलेंडर के आठवें महीने शाबान की 15 वीं रात को मनाया जाता है।इस वर्ष यह पर्व 13 फरवरी गुरुवार की रात को धार्मिक मान्यताओं और अकीदत-ओ-मुहब्बत के साथ अमन-ओ-अमान के साथ मनाया गया। शुक्रवार 14 फरवरी को नफिल रोजा रखा गया। एक हदीस के अनुसार इस्लाम के आखिरी पैगम्बर मुहम्मद साहब जन्नतुल बकी कब्रिस्तान में शाबान महीने की 15 वीं रात को मगफिरत की दुआ और अस्तगफार करते हुए देखे गए हैं।इसीलिए इस रात को अधिकांश मुस्लिम अपने पूर्वजों की कब्रों पर जाते हैं और उनकी मगफिरत की दुआ करते हैं। मान्यता है कि इस रात गुनाहों का हिसाब किताब होता है और अल्लाह सबका रिज्क, जिंदगी और मौत का हिसाब किताब करता है इसलिए लोग अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं और बेहतर जिंदगी जीने की उम्मीद से अल्लाह की बारगाह में दुआ की फरियाद करते हैं।मुस्लिम भाई इस रात को मस्जिदों में विशेष नमाज अदा करते हैं और कब्रिस्तान,मजारों आदि पर जाते है।अगले दिन नफील रोजा रखा जाता है। अंबरनाथ के मुस्लिम बहुल इलाकों में शब- ए-बारात पर्व को लेकर गुरुवार रात को बड़ी चहल पहल देखी गई।अंबरनाथ मस्जिद ट्रस्ट और अन्य मुस्लिम संगठनों ने इस पर्व को लेकर विशेष तैयारियां की थी।हजरत गैबन शाह वली की दरगाह,मदीना मस्जिद, मुस्लिम कब्रिस्तान, खूंटवली की जामा मस्जिद,जूना भिंडी पाड़ा की नूरुल इस्लाम मस्जिद आदि को रंग-बिरंगी लाइटों की रौशनी से सजाया था। साफ-सफाई और रंग-रोगन की विशेष व्यवस्था की गई।त्यौहार को मनाने के लिए विशेषकर युवाओं के लिए एक गाइडलाइन भी तैयार की गई थी जिसमें उनसे आग्रह किया गया था कि प्रशासन का सहयोग करते हुए और नियमों का पालन करते हुए त्योहार को मनाया जाय। गुरुवार रात ही अंबरनाथ मस्जिद ट्रस्ट द्वारा संचालित दारुल-उलूम अहले सुन्नत मदीनतुल बरकात मदरसे में 7 बच्चों की दस्तारबंदी का कार्यक्रम भी किया गया।ये 7 बच्चे पूरा कुरान कंठस्थ करके हाफिज-ए-कुरान हो गए। उल्हासनगर कैंप 5 के मस्तान-बॉयज टीम की तरफ से मदीना मस्जिद के पास ही चाय का इंतेजाम किया गया था। मुस्लिम बहुल इलाकों में रात भर चहल-पहल रही। पुलिस प्रशासन ने भी अपनी तैयारियों के साथ अपनी भूमिका का निर्वाह किया।शब-ए-बारात का पर्व शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न होने पर अंबरनाथ मस्जिद ट्रस्ट के सदर हाजी सलीम जिंदावली चौधरी और सभी ट्रस्टियों ने पुलिस प्रशासन और आवाम को धन्यवाद दिया।




# विंध्याचल में करोड़ों की जमीन का फर्जी बैनामा

- दो सगे भाइयों समेत 3 आरोपी गिरफ्तार, एक के पास से तमंचा बरामद

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मिर्जापुर, पुलिस ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर करोड़ों की जमीन का बैनामा कराने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। विंध्याचल थाना क्षेत्र के कंतित में साढ़े 34 बीघा जमीन का फर्जी बैनामा करने का मामला 10 जनवरी को सामने आया था।जब भदोही के बिछिया ज्ञानपुर की रहने वाली विन्ध्यवासिनी देवी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए कोतवाली शहर पुलिस ने वासलीगंज के दो सगे भाई सुशील मिश्रा और संदीप मिश्रा के साथ भैरो मंदिर निवासी रिजवान खान को गिरफ्तार किया। पुलिस ने रिजवान खान के पास से एक देशी तमंचा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस भी बरामद किया।थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार पाठक के नेतृत्व में की गई। इस कार्रवाई में पाया गया कि आरोपियों ने आपराधिक षड्यंत्र के तहत कूटरचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी बैनामा कराया था। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है।



# दहेज के लिए पत्नी को घर से निकाला

## संतान न होने पर पति ने मांगे 2 लाख रुपए, विरोध करने पर की मारपीट

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जहां एक पति ने संतान न होने का बहाना बनाकर पत्नी से दो लाख रुपए की मांग की। विरोध करने पर उसे घर से निकाल दिया। पीड़िता बरेली के फरीदपुर क्षेत्र की रहने वाली है।

जिसकी शादी चार साल पहले जैतीपुर क्षेत्र के खेड़ा बझेड़ा निवासी अनीस से हुई थी। पीड़िता के पिता ने बताया कि उन्होंने अपनी हैसियत के अनुसार शादी में दहेज दिया था। लेकिन ससुराल पक्ष इससे संतुष्ट नहीं था। जब संतान नहीं हुई तो दामाद ने कारोबार शुरू करने के बहाने दो लाख रुपए की मांग शुरू कर दी। जब परिवार ने इस मांग को पूरा करने से मना किया, तो आरोपियों ने बेटी को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया।स्थिति और बिगड़ गई। जब दामाद और उसके परिवार ने मारपीट कर पीड़िता को घर से बाहर निकाल दिया। जब पीड़िता के पिता ने मामले को सुलझाने की कोशिश की, तो उनके साथ भी गाली-गलौज और मारपीट की गई। पीड़िता के पिता की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।




# सड़क हादसे में पिता-बेटी की मौत

## पिकअप ने बाइक को मारी टक्कर, मां की हालत गंभीर



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, एक सड़क हादसे में बाइक सवार पिता और उनकी तीन वर्षीय बेटी की मौके पर ही मौत हो गई।हादसे में बच्ची की मां गंभीर रूप से घायल हो गई।घटना थाना रोजा क्षेत्र के मुकरमपुर के पास हाईवे पर हुई।जहां एक पिकअप वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।घटना के समय बाइक पर तीन लोग सवार थे।पिता बाइक चला रहे थे, जबकि पीछे बैठी महिला की गोद में उनकी तीन साल की बच्ची थी।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिता और बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई।स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायल महिला को तत्काल राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पंचनामा की कार्रवाई शुरू कर दी है।थाना प्रभारी के अनुसार, अभी तक मृतकों की शिनाख्त नहीं हो पाई है।पुलिस इस दिशा में प्रयासरत है।

# होली पर ट्रक ड्राइवर से शराब की मांग पड़ी भारी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मिर्जापुर, यातायात पुलिसकर्मी की करतूत सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद उन्हें तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया गया है। मामला देहात कोतवाली क्षेत्र के बरकछा इंट्री प्वाइंट का है, जहां यातायात सिपाही चंदन सिंह ने एक ट्रक चालक से होली के नाम पर शराब की बोतल की मांग की। सिपाही ने ड्यूटी के दौरान एक ट्रक को रोका और कागजात की जांच के बहाने चालक से बातचीत शुरू की। जब चालक ने बताया कि वह भरुहना जा रहा है, तो सिपाही ने होली का हवाला देते हुए शराब की बोतल की मांग कर दी। सिपाही ने यहां तक कहा कि सेती क चन्दन, घिस मेरे रघुनंदन और यह भी बताया कि वह पहले भरुहना के शराब गोदाम में गया था, जहां उसे बोतल मिली थी। किसी ने इस पूरी घटना को कैमरे में कैद कर लिया और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। मामले का संज्ञान लेते हुए एसएसपी सोमेन वर्मा ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी सिपाही को लाइन हाजिर कर दिया और मामले की जांच के आदेश दिए। सीओ सिटी विवेक चावला ने पुष्टि की कि व्यवस्था के नाम पर की गई



**भारत संवाद परिवार**

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)
4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# ट्रम्प ने सभी देशों पर जैसे को तैसा टैरिफ लगाया

## बोले- भारत टैरिफ लगाने में सबसे ऊपर; भारतीय अप्रवासियों का दूसरा विमान भेजने की तैयारी

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पीएम मोदी से मुलाकात के 2 घंटे पहले भारत समेत सभी देशों पर जैसे को तैसा टैरिफ (रेसिप्रोकल टैरिफ) लगाने का ऐलान किया है। रेसिप्रोकल टैरिफ यानी जो देश अमेरिकी सामान पर जितना टैरिफ लगाएगा, अमेरिका भी उस देश के सामान पर उतना ही टैरिफ लगाएगा। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने इससे जुड़े नए टैरिफ पॉलिसी पर गुरुवार रात दस्तखत किए। ट्रम्प ने प्रेस ब्रीफिंग में भारत पर बहुत ज्यादा टैरिफ लगाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा- मुझे याद है कि जब हार्ले डेविडसन भारत में अपनी मोटरबाइक नहीं बेच पा रही थी, क्योंकि भारत में टैक्स बहुत ज्यादा था, टैरिफ बहुत ज्यादा था और हार्ले को मैन्युफैक्चरिंग बंद करने के लिए मजबूर होना पड़ा। मुझे लगता है कि टैरिफ से बचने के लिए उन्हें भारत में एक फैक्ट्री लगानी पड़ी। हम भी ऐसा ही कर सकते हैं।



टैरिफ से बचने के लिए वे हमारे यहां फैक्ट्री या प्लांट लगा सकते हैं। ट्रम्प ने क्यों लगाया रेसिप्रोकल टैरिफ ट्रम्प ने कुछ दिन पहले मीडिया से कहा था कि अब रेसिप्रोकल (जैसे को तैसा) होने का समय आ गया है। अब आप लगातार रेसिप्रोकल शब्द सुनेंगे। अलग दूसरे देश पर एक्स्ट्रा टैरिफ लगाते हैं तो हम भी उन पर एक्स्ट्रा टैरिफ लगाएंगे। ट्रम्प का मानना है कि दूसरे देश अमेरिका के मुकाबले में बहुत ज्यादा टैरिफ लगाकर अमेरिका को धोखा दे रहे हैं। दूसरे देशों की तरह ही आयात कर लगाने से निष्पक्ष व्यापार होगा और अमेरिकी सरकार में कमाई में बढ़ोतरी होगी। व्हाइट हाउस ने इसे लेकर कहा था कि अन्य देश अमेरिका को लूट रहे हैं। यही वजह है कि राष्ट्रपति का मानना है कि यह एक बेहतरीन पॉलिसी होगी जो अमेरिकी वर्कर्स को फायदा देगी और हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा में सुधार करेगी। भारत पर क्या असर पड़ेगा? अगर अमेरिका ने भारत पर टैरिफ बढ़ाया तो इससे नुकसान होगा। भारत अपना 17% से ज्यादा विदेशी व्यापार अमेरिका से करता है। अमेरिका, भारत के एग्रीकल्चर प्रोडक्ट्स जैसे फल और सब्जियों का सबसे बड़ा खरीदार है। 2024 में अमेरिका ने भारत से 18 मिलियन टन चावल भी इम्पोर्ट किया है। अगर अमेरिका ने भारत पर टैरिफ लगाया तो अमेरिकी बाजारों में भारतीय प्रोडक्ट्स महंगे बिकने लगेंगे। इससे अमेरिकी जनता के बीच इनकी डिमांड कम हो जाएगी। भारत अमेरिकी प्रोडक्ट्स पर सबसे ज्यादा टैरिफ लगाने वाले देशों में भारत सबसे ज्यादा टैरिफ लगाने वाले देशों में शामिल रहा है। इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में साल 1990-91 तक औसत टैरिफ 125% तक था। उदारीकरण के बाद यह कम होता चला गया। 2024 में भारत का एवरेज टैरिफ रेट 11.66 % था। ट्रम्प के दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद भारत सरकार ने टैरिफ रेट में बदलाव किया। द हिन्दू की रिपोर्ट के मुताबिक भारत सरकार ने टैरिफ के 150%, 125% और 100% वाली दरों को खत्म कर दिया है। अब भारत में सबसे ज्यादा टैरिफ रेट 70% है। भारत में लग्जरी कार पर 125% टैरिफ था, अब यह 70% कर दिया गया है।

# चेर्नोबिल परमाणु रिएक्टर पर ड्रोन हमला

## यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने वीडियो शेयर किया, रेडिएशन रोकने वाली कॉन्क्रीट शील्ड पर धमाका

एजेंसी

कीव, यूक्रेन के चेर्नोबिल एटॉमिक प्लांट पर गुरुवार रात को ड्रोन हमला हुआ। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने इस अटैक का आरोप रूस पर लगाया है। जेलेंस्की ने कहा कि गुरुवार देर रात विस्फोटकों से लैस एक रूसी ड्रोन ने चेर्नोबिल प्लांट के कॉन्क्रीट से बने सेफ्टी कवच पर हमला किया। हमले में इस कवच को नुकसान पहुंचा है। हालांकि रूस ने ऐसे किसी हमले से इनकार किया है। जेलेंस्की के मुताबिक, यह हमला तबाह हो चुके पावर रिएक्टर नंबर- 4 पर किया गया। हमले के चलते इमरात में आग लग गई थी, जिसे बुझा दिया गया है। 1986 में



हुए चेर्नोबिल ब्लास्ट के बाद रेडिएशन रोकने के कॉन्क्रीट की यह एक शील्ड बनाई गई थी। इसके अलावा किसी और नुकसान या रेडिएशन का लेवल बढ़ने की कोई खबर नहीं है। वोलोदिमीर जेलेंस्की ने वीडियो पोस्ट किया यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया है। इसमें चेर्नोबिल प्लांट की इमारत से तेज रोशनी निकलती दिख रही है। इसके बाद पूरा आसमान धुएं से भर जाता है। इंटरनेशल एटॉमिक एनर्जी ने बताया कि यूक्रेन में स्थानीय समय के मुताबिक रात करीब 2 बजे यह हमला किया गया। 1986 में हुआ था चेर्नोबिल न्यूक्लियर प्लांट में ब्लास्ट 26 अप्रैल 1986 में चेर्नोबिल के न्यूक्लियर पावर प्लांट में ब्लास्ट हुआ था। यहां काम कर रहे 32 कर्मचारियों की मौत हो गई थी। सैकड़ों कर्मचारी रेडिएशन की चपेट में आ गए थे। तब रूस नहीं सोवियत संघ होता था। इस ब्लास्ट में मारे गए लोगों की सही संख्या आज नहीं नहीं पता चल सकी है। हालांकि, 50 लाख लोग प्लांट में हुए हादसे से निकले रेडिएशन का शिकार बने थे। इससे कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की वजह से 4,000 से भी अधिक लोगों की मौत हुई। सोवियत संघ ने हमले को छिपाने की कोशिश की थी, लेकिन स्वीडिश रिपोर्ट आने के बाद विस्फोट की बात मानी गई। सोवियत संघ के बंटवारे के बाद चेर्नोबिल यूक्रेन के हिस्से आ गया था। चेर्नोबिल न्यूक्लियर प्लांट में हादसे के बाद जो रेडिएशन निकला वो सेकेंड वर्ल्ड वॉर के दौरान जापान के हिरोशिमा और नागासाकी पर गिराए गए परमाणु बम से 400 गुना अधिक था। अधिकतर मलबा चेर्नोबिल के आसपास के इलाकों में गिरा, जैसे यूक्रेन, बेलारूस और रूस। हवा के साथ ये रेडिएशन उत्तरी और पूर्वी यूरोप में फैल गया।

# ब्रोंकाइटिस से पीड़ित हैं पोप फ्रांसिस

## इलाज के लिए अस्पताल में कराया जाएगा भर्ती

एजेंसी

वेटिकन ने कहा कि पोप फ्रांसिस को ब्रोंकाइटिस के इलाज से संबंधित चिकित्सा जांच के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जाएगा। वेटिकन ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि उन्हें कुछ आवश्यक नैदानिक परीक्षणों से गुजरने और अस्पताल में ब्रोंकाइटिस के लिए चल रहे उपचार को जारी रखने के लिए शुक्रवार के दैनिक दर्शकों के अंत में रोम के जेमेली पॉलीक्लिनिक में अस्पताल में भर्ती कराया जाएगा। पिछले गुरुवार को ब्रोंकाइटिस का पता चलने के बाद से, 88 वर्षीय पोप ने रविवार को सार्वजनिक उपस्थिति के साथ, वेटिकन निवास, कासा सांता मार्टा, जहां वह रहते हैं, के अंदर अपनी गतिविधियों और दर्शकों को जारी रखा है। फ्रांसिस लंबे समय से स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हैं, जिनमें ब्रोंकाइटिस की लंबी बीमारी भी शामिल है। वह अपने अपार्टमेंट में घूमते समय वॉकर या छड़ी का उपयोग करता है और हाल ही में दो बार गिर गया, जिससे उसकी बांह और ठुड्डी पर चोट आई। इससे पहले जनवरी में फ्रांसिस गिर गए थे और उनके दाहिने हाथ में चोट लग गई थी। वह टूटा नहीं था, लेकिन एहतियात के तौर पर एक स्लिंग लगाई गई थी। 7 दिसंबर को, पोप ने अपनी नाइटस्टैंड पर अपनी ठुड्डी पर जोर से झटका मारा, जिससे स्पष्ट रूप से उन्हें गंभीर चोट लग गई। वेटिकन के हलकों में फ्रांसिस के स्वास्थ्य के बारे में अटकलें लगातार जारी हैं, खासकर पोप बेनेडिक्ट श्क द्वारा 600 साल की परंपरा को तोड़ने और 2013 में पोप पद से इस्तीफा देने के बाद। बेनेडिक्ट के सहयोगियों ने इस फैसले के लिए 2012 की मैक्सिको यात्रा के दौरान रात में गिरने की घटना को जिम्मेदार ठहराया है, जिसके बाद उन्होंने तय किया कि वह पोप पद की विश्वव्यापी मांगों को पूरा नहीं कर सकते। फ्रांसिस ने कहा है कि उनकी निकट भविष्य में इस्तीफा देने की कोई योजना नहीं है, भले ही बेनेडिक्ट ने संभावना के लिए दरवाजा खोल दिया हो। इस महीने जारी अपनी आत्मकथा होप में फ्रांसिस ने कहा कि जब उनकी बड़ी आंत की सर्जरी हुई थी तब भी उन्होंने इस्तीफा देने के बारे में नहीं सोचा था।



> फ्रांसिस लंबे समय से स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हैं, जिनमें ब्रोंकाइटिस की लंबी बीमारी भी शामिल है। वह अपने अपार्टमेंट में घूमते समय वॉकर या छड़ी का उपयोग करता है और हाल ही में दो बार गिर गया, जिससे उसकी बांह और ठुड्डी पर चोट आई।

# पाकिस्तान में बम विस्फोट में नौ लोगों की मौत



एजेंसी

> पुलिस ने कहा कि कानून प्रवर्तन एजेंसियों के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं और उन्होंने जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने अपराधियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया है।

पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में शुक्रवार को उस समय नौ कोयला खनिकों की मौत हो गयी जब उन लोगों को ले जा रहा वाहन एक बम विस्फोट की चपेट में आ गया। इस घटना में सात लोग घायल भी हुए हैं। हरनाई क्षेत्र के उपायुक्त हजरत वली काकर के अनुसार, यह घटना प्रांत के हरनाई जिले के शाहराग इलाके में हुई। पीड़ित एक मिनी ट्रक सवार थे। उन्होंने कहा कि घायलों को नजदीक के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने कहा कि कानून प्रवर्तन एजेंसियों के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं और उन्होंने जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने अपराधियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया है। बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रैंड ने इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि मामले में जांच शुरू कर दी गई है।

# केंद्र-आंदोलनकारी किसानों की 5वीं

एजेंसी

चंडीगढ़ ,चंडीगढ़ में केंद्र सरकार और आंदोलनकारी किसानों के प्रतिनिधिमंडल के बीच 5वें दौर की बातचीत हो रही है। किसानों की तरफ से इसमें 28 किसान नेता शामिल हैं। मीटिंग को अब 2 घंटे से भी ज्यादा का समय हो गया है। किसान हरियाणा-पंजाब के शंभू और खनौरी बॉर्डर पर 13 फरवरी 2024 से फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी के कानून समेत अन्य मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) की तरफ से जगजीत डल्लेवाल और किसान मजदूर मोर्चा के सरवन पंधेर प्रतिनिधिमंडल की अगुआई कर रहे हैं।

# हार से निराश न होना ही खेल का संदेश

एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड के हलद्वानी में समापन समारोह के दौरान 38वें राष्ट्रीय खेलों में शीर्ष तीन प्रदर्शन करने वालों सेवा और खेल नियंत्रण बोर्ड, महाराष्ट्र और हरियाणा को पुरस्कार दिए। इस दौरान अपने संबोधन में शाह ने कहा कि मैं उत्तराखंड की आयोजन समिति का हृदय पूर्वक अभिनंदन करना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि हार से निराश न होना ही खेल का संदेश है। आपके खिलाड़ियों लिए मेघालय में एक और मौका है। कई खेलों में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बने हैं। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के आने के बाद खेल के वातावरण में बहुत बड़ा बदलाव आया है। आज विश्व के फलक पर भारतीय खेलों की प्रतिष्ठा बढ़ी है। उन्होंने कहा कि यहां खेलों के दौरान निशानेबाजी, भारोत्तोलन और एथलेटिक्स की विधाओं में कई राष्ट्रीय रिकॉर्ड बने हैं। इन रिकॉर्डों से भारत को अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में पदक हासिल करने की उम्मीद जगी है। मेजबान उत्तराखंड राष्ट्रीय खेलों का झंडा मेघालय को सौंपेगा।


## पश्चिम रेलवे

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य - प्रबंधक, मुंबई सेंट्रल मंडल, पश्चिम रेलवे
मंडल रेल प्रबंधक, वाणिज्य विभाग, एनएफआर अनुभाग, मुंबई सेंट्रल – मुंबई – 400 008

**कार्य – मुंबई मंडल में विभिन्न एनएफआर मीडिया के जरिये विज्ञापनों का प्रदर्शन**

| नीलामी पुस्तिका क्र. | नीलामी का आरंभ (सभी लॉट्स) |
|---|---|
| MMCT-ADVT-M24-32 | 25.02.2025 को 14.00 बजे |

| अ. क्र. | लॉट क्र. | स्थान /एरिया | दिवस | ई-नीलामी बंद होने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | MSS-BCT-MMCT-PrKiosk-47-24-1 (Misc-Static-Services-Promotional Kiosk) | 3 वर्षों की अवधि हेतु चर्चगेट से विरार (29 स्टेशन्स) तक स्टेशनों/स्थानों पर प्रमोशनल कियोस्क/प्रॉडक्ट डिस्प्ले के जरिए वाणिज्य विज्ञापनों के अनुबंध हेतु ई-नीलामी. | 1096 | 25.02.2025 14:30 hrs. |
| 2 | MSS-BCT-MRU-MedStn-45-24-1 (Misc-Static-Services-Medical facility at Station) | 5 वर्षों की अवधि हेतु माटुंगा रोड रेलवे स्टेशन पर आपात चिकित्सा कक्ष के जरिए चौबीस घंटे चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना. | 1826 | 25.02.2025 14:40 hrs. |
| 3 | MSS-BCT-CCG-SS-42-24-1 (Misc-Static-Service-Salon Services) | चर्चगेट स्टेशन पर यूनिसेक्स सलून सेवाएं प्रदान करने हेतु एयर कंडीशन्ड सलून कियोस्क के विकास, संचालन और अनुरक्षण हेतु ई-नीलामी. | 1096 | 25.02.2025 14:50 hrs. |
| 4 | MSS-BCT-ADH-SS-43-24-1 (Misc-Static-Services-Salon Services) | 32'x10'=320 वर्गफीट आकार के कॉलम नं. 28 और 29 के बीच पश्चिमी अपर डेक के उत्तर पश्चिम तरफ, अंधेरी स्टेशन पर यूनिसेक्स सलून सेवाएं प्रदान करने हेतु एयर कंडीशन्ड सलून कियोस्क के विकास, संचालन और अनुरक्षण हेतु ई-नीलामी. | 1096 | 25.02.2025 15:00 hrs. |

| नीलामी पुस्तिका क्र. | नीलामी का आरंभ (सभी लॉट्स) |
|---|---|
| MMCT-ADVT-24-75 | 25.02.2025 को 15.00 बजे |

| अ. क्र. | लॉट क्र. | स्थान /एरिया | दिवस | ई-नीलामी बंद होने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ADVT-BCT-BVI-OH-364-24-1 (Advertising: Out of Home) | 07 वर्षों की अवधि हेतु 30'x30'(1) = 900 वर्गफीट आकार के दक्षिणोन्मुख मौजूदा होर्डिंग स्ट्रक्चर के पूर्वी तरफ, बोरीवली स्टेशन उत्तर पूर्व सर्कुलेटिंग एरिया में नये होर्डिंग स्ट्रक्चर के उत्थापन के जरिए विज्ञापन के प्रदर्शन हेतु थोक विज्ञापन अधिकार. | 2557 | 25.02.2025 15.30 hrs. |
| 2 | ADVT-BCT-NIG-OH-366-24-1 (Advertising: Out of Home) | 07 वर्षों की अवधि हेतु कुल 1600 वर्गफीट एरिया के V आकृति के 20'x20'(2) आकार के 02 होर्डिंग स्ट्रक्चर – नायगांव आरओबी पर नये होर्डिंग स्ट्रक्चर्स के उत्थापन के जरिए विज्ञापन के प्रदर्शन हेतु थोक विज्ञापन अधिकार. | 2557 | 25.02.2025 15.40 hrs. |
| 3 | ADVT-BCT-BVI-OH-365-24-1 (Advertising: Out of Home) | 07 वर्षों की अवधि हेतु 20'x20'(1) = 400 वर्गफीट आकार के, गांजावाला लेन से आनेवाले यातायात तथा पश्चिमोन्मुखी, एसएसई (पी.वे)-बीवीआई के कम्पाउंड में, बोरीवली स्टेशन पश्चिम में नये होर्डिंग स्ट्रक्चर के उत्थापन के जरिए विज्ञापनों के प्रदर्शन हेतु थोक विज्ञापन अधिकार. | 2557 | 25.02.2025 15.50 hrs. |
| 4 | ADVT-BCT-GMN-OSN-362-24-1 (Advertising: On Station Premise (Non-digital) | 3 वर्षों की अवधि हेतु बस स्टॉप उन्मुख, स्टेशन भवन के अग्रभाग पर ग्लोसाइंस हेतु गोरेगांव (जीएमएन) स्टेशन पश्चिम तरफ में थोक विज्ञापन अधिकार. | 1096 | 25.02.2025 16.00 hrs. |
| 5 | ADVT-BCT-PBHD-OSN-299-24-1 (Advertising: On Station Premise (Non-digital) | तीन वर्षों की अवधि हेतु प्रभादेवी (पीबीएचडी) स्टेशन पर थोक विज्ञापन अधिकार. | 1096 | 25.02.2025 16.10 hrs. |
| 6 | ADVT-BCT-MDD-OSN-301-23-1 (Advertising: On Station Premise (Non-digital) | डिस्प्ले बोर्ड्स के जरिए तीन वर्षों की अवधि हेतु सीढियों की लैंडिंग्स और एस्केलेटर्स के पिलर्स पर मालाड (एमडीडी) स्टेशन पर थोक विज्ञापन अधिकार. | 1096 | 25.02.2025 16.20 hrs. |

**टिप्पणी** : संभावी बोलीकर्ताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट (**www.ireps.gov.in**) पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल का अवलोकन करें. लॉट अनुसार विवरण निर्दिष्ट पुस्तिका अंतर्गत उपलब्ध है.

1067

Like us on: facebook.com/WesternRly | Follow us on: twitter.com/WesternRly



**महाराष्ट्र शासन**
**कार्यकारी अभियंता, मध्य मुंबई विद्युत विभाग,**
**सार्वजनिक निर्माण विभाग,**
**सावली बिल्डिंग, गणपत जाधव मार्ग, वर्ली, मुंबई - 18**
**ई-मेल: elcentralmumbai.ee@mahapwd.gov.in**
**दूरभाष: 022-24924349**
**ई-निविदा सूचना क्रमांक: 40/2024-25 (प्रथम आमंत्रण)**

कार्यकारी अभियंता, मध्य मुंबई विद्युत विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, वर्ली, मुंबई द्वारा इलेक्ट्रिकल लाइसेंसधारी ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों के लिए बी-1 फॉर्म में ऑनलाइन प्रतिशत दर निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं. ई-निविदा दस्तावेज महाराष्ट्र शासन के सार्वजनिक निर्माण विभाग के ई-निविदा पोर्टल http://mahatenders.gov.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं. कार्यकारी अभियंता, मध्य मुंबई विद्युत विभाग, वर्ली, मुंबई को किसी भी निविदा को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है. शर्तों के साथ दी गई निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी.

| अ. क्र. | कार्य का नाम | निविदा की अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1 | एच33166, वर्ष 2023-24. मझगांव कोर्ट बिल्डिंग, मझगांव, मुंबई में स्थापित टोशिबा मेक वीआरएफ सिस्टम के संपूर्ण वार्षिक रखरखाव हेतु प्रावधान | रु. 74,27,592/- |
| 2 | एच35209, वर्ष 2023-24. मझगांव कोर्ट बिल्डिंग, मझगांव, मुंबई में स्थापित वेंटिलेशन सिस्टम एवं संबद्ध विद्युत पैनलों के संपूर्ण वार्षिक रखरखाव हेतु प्रावधान | रु. 18,74,700/- |
| 3 | एच11068, वर्ष 2024-25. पीएसएम व्याख्यान कक्ष, ग्राउंड फ्लोर, पीजीएल बिल्डिंग, सर जे.जे. समूह अस्पताल परिसर, भायखला, मुंबई में स्प्लिट टाइप एसी यूनिट्स के स्थान पर कैसेट टाइप एसी यूनिट्स स्थापित करने हेतु प्रावधान | रु. 10,23,485/- |
| 4 | एच25070, वर्ष 2024-25 :- पीजी बिल्डिंग, बीसीआर, सेंट्रल लाइब्रेरी, आरएमओ क्वार्टर, स्वस्तिक, त्रिमूर्ति, ओबीएच, मॉर्चुरी पैथोलॉजी, पंचशील, सेंट्रल कैंटीन, एनाटॉमी, फिजियोलॉजी, एडमिन बिल्डिंग, ओल्ड व भायखला, मुंबई में विद्युत उपकरणों के दैनिक रखरखाव हेतु अस्थायी वायरमैन एवं अकुशल श्रमिकों की सेवाएं प्रदान करना (6 माह के लिए) | रु. 8,53,632/- |
| 5 | एच11034, वर्ष 24-25 : डीन कार्यालय के डीन कक्ष एवं कॉलेज काउंसिल हॉल, ग्राउंड फ्लोर, सर जे.जे. समूह अस्पताल परिसर, भायखला, मुंबई में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सिस्टम स्थापित करने हेतु प्रावधान | रु. 71,09,048/- |
| 6 | अनु. क्र. एच15164, वर्ष 2024-25 : मुख्य अस्पताल भवन, जे.जे. अस्पताल परिसर, भायखला, मुंबई में विद्युत उपकरणों के दैनिक रखरखाव हेतु अस्थायी वायरमैन एवं मजदूर सेवाएं प्रदान करना (6 माह के लिए) | रु. 9,84,960/- |
| 7 | अनु. क्र. एच15165, वर्ष 2024-25 : सी.जे., आई बैंक, यूनानी, जीएमसी, जे.जे. मार्ग पुलिस स्टेशन, डीएम पेठी बिल्डिंग, लेडीज़ कॉमन रूम, पीडब्ल्यूडी कैंपस, 300 डॉक्टर क्वार्टर, ओपीडी, मेट्रोन एवं बालाराम बिल्डिंग, जे.जे. अस्पताल परिसर, भायखला, मुंबई में विद्युत उपकरणों के दैनिक रखरखाव हेतु अस्थायी वायरमैन एवं मजदूर सेवाएं प्रदान करना (6 माह के लिए) | रु. 9,84,960/- |
| 8 | एच11043, वर्ष 2024-25 : डीन कार्यालय के डीन कक्ष एवं कॉलेज काउंसिल हॉल, ग्राउंड फ्लोर, सर जे.जे. समूह अस्पताल परिसर, भायखला, मुंबई में अल्ट्रा एचडी और यूएचडी टेलीविजन एवं डिस्प्ले यूनिट्स की आपूर्ति हेतु प्रावधान | रु. 62,75,955/- |
| 9 | एच11039, वर्ष 2024-25 : कॉलेज काउंसिल हॉल, डीन कार्यालय, ग्राउंड फ्लोर, सर जे.जे. समूह अस्पताल परिसर, भायखला, मुंबई में मीटिंग टेबल के लिए ऑडियो कॉन्फ्रेंस सिस्टम स्थापित करने हेतु प्रावधान | रु. 49,24,798/- |
| 10 | एच11445, वर्ष 2024-25 : सर जे.जे. समूह अस्पताल, भायखला, मुंबई के मुख्य अस्पताल भवन, तृतीय मंजिल पर नर्सिंग होम में पुराने स्प्लिट टाइप एसी सिस्टम को वीआरवी टाइप एसी सिस्टम से बदलने हेतु नवीनीकरण कार्य. | रु. 42,21,326/- |
| 11 | एच11460 वर्ष 2023-24 : सर जे.जे. समूह अस्पताल परिसर, भायखला, मुंबई के अस्पताल भवन में ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग, ग्राउंड फ्लोर में स्प्लिट टाइप एसी यूनिट स्थापित करने हेतु प्रावधान. | रु. 14,05,359/- |
| 12 | एच11041 वर्ष 2024-25 : सर जे.जे. समूह अस्पताल परिसर, भायखला, मुंबई के मुख्य अस्पताल भवन, द्वितीय मंजिल, मेडिसिन विभाग के वार्ड क्र. 8 में स्थापित वीआरएफ टाइप एचवीएसी सिस्टम में फॉल्स सीलिंग कार्य के कारण परिवर्धन एवं परिवर्तन. | रु. 9,27,729/- |
| 13 | एच11051 : सर जे.जे. समूह अस्पताल परिसर, भायखला, मुंबई के मुख्य अस्पताल भवन, तृतीय मंजिल, ईएनटी विभाग के वार्ड क्र. 15 में स्थापित वीआरएफ टाइप एचवीएसी सिस्टम में फॉल्स सीलिंग कार्य के कारण परिवर्धन एवं परिवर्तन. | रु. 10,05,161/- |
| 14 | एच11053 वर्ष 2024-25 : सर जे.जे. समूह अस्पताल परिसर, भायखला, मुंबई के मुख्य अस्पताल भवन, चतुर्थ मंजिल, कार्डियोलॉजी विभाग के वार्ड क्र. 22 में स्थापित वीआरएफ टाइप एचवीएसी सिस्टम में फॉल्स सीलिंग कार्य के कारण परिवर्धन एवं परिवर्तन. | रु. 10,86,123/- |
| 15 | एच11055 वर्ष 2024-25 : सर जे.जे. समूह अस्पताल परिसर, भायखला, मुंबई के मुख्य अस्पताल भवन, तृतीय मंजिल, सर्जरी विभाग के वार्ड क्र. 19 में स्थापित वीआरएफ टाइप एचवीएसी सिस्टम में फॉल्स सीलिंग कार्य के कारण परिवर्धन एवं परिवर्तन। | रु. 9,69,058/- |
| 16 | एच11190 वर्ष 2022-23 : सर जे.जे. समूह अस्पताल, भायखला, मुंबई के मुख्य भवन में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय मंजिल पर गलियारे में लगे फिटिंग को बदलने हेतु प्रावधान. | रु. 8,77,887/- |

1. ठेकेदार को जीएसटी को छोड़कर मूल्य उद्धृत करना होगा. 18% तक जीएसटी अतिरिक्त रूप से देय होगा.
2. डाउनलोड एवं बिक्री अवधि : दिनांक 14.02.2023 से 28.02.2025 तक, सायं 05:30 बजे तक.
3. बोली खोलने की तिथि : 03.03.2025 को प्रातः 11:00 बजे के बाद (यदि संभव हो), कार्यकारी अभियंता, मध्य मुंबई विद्युत विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, वर्ली, मुंबई के कार्यालय में.
4. ई-निविदा से संबंधित सभी जानकारी निम्नलिखित वेबसाइट पर उपलब्ध है : http://mahatenders.gov.in

(यदि ई-निविदा सूचना में कोई परिवर्तन किया जाता है, तो इसकी जानकारी उपरोक्त वेबसाइट एवं इस कार्यालय के सूचना पटल पर उपलब्ध कराई जाएगी).

ईई/सीएमईडी/टीसी/574/2025
दिनांक: 10.02.2025

हस्ता./-
कार्यकारी अभियंता
मध्य मुंबई विद्युत विभाग
सार्वजनिक निर्माण विभाग, वर्ली, मुंबई-18

डीजीआयपीआर/2024-2025/6445

## विभिन्न पर्व

| पौष पूर्णिमा | मकर संक्रांत | मौनी आमावश्या | बसंत पंचमी | माघी पूर्णिमा | महा शिवरात्री |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 13/01/2025 | 14/01/2025 | 29/01/2025 | 03/02/2025 | 12/02/2025 | 26/02/2025 |

# महाकुंभ में महामंडलेश्वर छोटी मां पर जानलेवा हमला

### आशीर्वाद लेने के बहाने कार रुकवाई, चाकू मारे; तीन शिष्या भी घायल

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, महाकुंभ में किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर कल्याणी नंद गिरि उर्फ छोटी मां पर जानलेवा हमला हुआ है। गुरुवार रात 5-6 हमलावरों ने आशीर्वाद लेने के बहाने कार रुकवाई। जैसे ही महामंडलेश्वर कार से उतरीं। हमलावरों ने चाकू से हमला कर दिया। बचाने पर आईं 3 शिष्या को भी चाकू मारे। चीख-पुकार सुन आसपास के लोग पहुंचे। चारों को महाकुंभ के सेंट्रल हॉस्पिटल में भर्ती कराया। हमला उस वक्त हुआ, जब महामंडलेश्वर कार से शिविर जा रही थीं। हमलावरों की पहचान अब तक नहीं हो पाई है। हमलावरों ने गहने भी लूटे महामंडलेश्वर वैष्णवी नंद गिरि ने बताया कि मैं अपने शिविर जा रही थी। रात 10 बजे सेक्टर-16 के पास पहुंचती थी, तभी 5-6 लोगों ने आशीर्वाद लेने के बहाने कार रुकवाई। मैं जैसे ही कार से उतरी बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया। बीच-बचाव कर रहीं 3 शिष्याओं पर भी हमला कर दिया। मार-पीट करने के बाद हमलावरों ने गहने भी लूट लिए और फरार हो गए। आसपास के लोगों ने हमें अस्पताल में भर्ती कराया। महामंडलेश्वर पर जानलेवा हमले की खबर मिलते ही भारी संख्या में किन्नर अखाड़े की शिष्याएं अस्पताल पहुंच गईं। हमले के खिलाफ विरोध जताया। सभी को हल्की चोटें आईं, खतरे से बाहर सेंट्रल हॉस्पिटल के सीएमएस डॉ. मनोज कौशिक ने बताया- कल्याणी नंद गिरी समेत 4 लोगों को भर्ती कराया गया है। हालांकि, घायलों को मामूली चोटें आई हैं। सभी खतरे से बाहर हैं।



डीआईजी बोले- दोषियों के खिलाफ सख्त एक्शन लेंगे डीआईजी वैभव कृष्ण ने बताया- पुलिस मामले की जांच कर रही है। जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। पुलिस आरोपियों की पहचान करने और घटना के पीछे की साजिश का पता लगाने में जुटी है।

# महाकुंभ पर अफवाह फैलाने वाले 54 अकाउंट पर एफआईआर

### मिस्र की आग को प्रयागराज का बताया, पटना की अव्यवस्था को दिखाकर बदनाम किया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, महाकुंभ को लेकर सोशल मीडिया पर फर्जी वीडियो और भ्रामक खबरें पोस्ट करने वाले 54 सोशल मीडिया अकाउंट्स पर ऋकफ हुई है। पुलिस सोशल मीडिया पर 24*7 पैनी नजर रख रही है। इसी क्रम में पुलिस ने 13 जनवरी से अब तक 54 ऐसे सोशल मीडिया अकाउंट्स के खिलाफ कार्रवाई की है, जो फर्जी और भ्रामक पोस्ट के जरिए अफवाह फैला रहे थे। मिस्र की आग को महाकुंभ का बताया सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के दौरान एक वीडियो को पुलिस ने विशेष संज्ञान में लिया, जिन्हें महाकुंभ से जोड़कर भ्रामक रूप से पेश किया गया था। इनमें 'मिस्र के अग्निकांड को महाकुंभ की आग' बताते हुए पोस्ट किया गया था। यह वीडियो मिस्र में वर्ष 2020 में हुई एक तेल पाइपलाइन दुर्घटना का था, जिसे यह कहकर प्रसारित किया गया कि महाकुंभ बस स्टैंड में आग लगी, 40-50 गाड़ियां जलकर राख हो गईं। इस अफवाह को फैलाने वाले सात सोशल मीडिया अकाउंट के खिलाफ कोतवाली कुम्भ मेला में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है। पटना की अव्यवस्था को महाकुंभ का बताया 13 फरवरी को ही सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के दौरान एक और वीडियो को पुलिस ने विशेष संज्ञान में लिया। पटना की घटना को महाकुंभ से जोड़ा गया।

यह वीडियो बिहार में एक फिल्म प्रमोशन इवेंट के दौरान हुई अव्यवस्था का था, जिसे महाकुंभ से जोड़कर यह अफवाह फैलाई गई कि कुंभ में राष्ट्रवादी लोगों ने आर्मी जवानों पर चप्पलें फेंकी। इस पोस्ट के लिए 15 सोशल मीडिया अकाउंट को चिह्नित कर उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई की गई है।

## संक्षेप

### सड़क हादसे में 2 युवकों की मौत

ट्रक ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, आरोपी चालक हुआ फरार

बांदा, जिले में एक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। अतर्रा रोड पर गरगन पुरवा के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दोनों युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई ।मृतक युवकों की पहचान राहुल (22), पुत्र जुगुल किशोर, निवासी खड़ेह थाना सरबई और अंशुल (20), पुत्र रामगोपाल, निवासी बबेरू के रूप में हुई है। दोनों युवक नरैनी से बबेरू निमंत्रण कार्यक्रम में जाने के लिए निकले थे। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया।

### नाबालिग से छेड़खानी के दोषी को सजा

पॉक्सो कोर्ट ने सुनाई 5 साल की जेल और 6 हजार जुर्माने की सजा

बांदा, एक नाबालिग बच्ची से छेड़खानी के मामले में पॉक्सो कोर्ट ने दोषी को कड़ी सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश हेमंत कुशवाहा की अदालत ने आरोपी को 5 साल के कारावास के साथ 6 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। अदालत ने यह भी निर्देश दिया है कि जुमार्ने की राशि पीड़िता को दी जाएगी। यदि दोषी जुमार्ना नहीं चुकाता है तो उसे 3 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। मामला कमासिन थाना क्षेत्र का है, जहां 25 मार्च 2022 को एक 8 वर्षीय बच्ची के साथ यह घटना हुई। पीड़िता की मां ने 7 अप्रैल 2022 को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, आरोपी प्रेमसागर कुशवाहा ने बच्ची को बकरी बांधने के बहाने बुलाया और उसके साथ छेड़खानी की। इतना ही नहीं, आरोपी ने किसी को घटना के बारे में बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। उप निरीक्षक हरगेंद्र सिंह द्वारा की गई जांच में आरोप सिद्ध पाए गए और उन्होंने न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया। अभियोजन पक्ष ने पांच गवाहों को पेश किया।

### ट्रांसफॉर्मर जला, कई घरों में अंधेरा

ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया, 63 केवीए ट्रांसफॉर्मर लगाने की मांग की

हसनपुर, तहसील के हथियाखेड़ा गांव में पिछले 8 दिनों से बिजली की समस्या से लोग परेशान हैं। बगद नदी के पास स्थित 25 केवीए का ट्रांसफॉर्मर फुंक जाने से गांव के अधिकांश घरों में अंधेरा छाया हुआ है और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बेकार पड़े हैं। स्थिति से आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया और विद्युत विभाग से 25 केवीए के स्थान पर 63 केवीए का ट्रांसफॉर्मर लगाने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि मौजूदा ट्रांसफॉर्मर क्षमता से अधिक लोड के कारण बार-बार खराब हो जाता है

# अयोध्या जा रहे 49 तीर्थयात्रियों की बस खराब

- व्यापारियों ने दी शरण, भोजन-नाश्ता कराया; महिला-पुरुषों को अलग-अलग घरों में ठहराया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क


सुलतानपुर, बिहार के सुपौल जिले से अयोध्या धाम की यात्रा पर निकले तीर्थयात्रियों को सूरापुर में मानवता की मिसाल देखने को मिली। गुरुवार को प्रयागराज महाकुंभ और काशी के दर्शन के बाद अयोध्या जा रही बस सूरापुर में खराब हो गई। बस में 24 महिलाएं, 22 पुरुष और तीन बच्चे सवार थे। बस का प्रेशर कम होने के कारण बिजेथुआ धाम मार्ग पर बस रुक गई। चालक अनिल ने बस मालिक को सूचित किया, लेकिन कोई मदद नहीं मिली। इस बीच स्थानीय व्यापारियों को जानकारी मिली तो उन्होंने तत्काल मदद का हाथ बढ़ाया। व्यापारी नेता वीके अग्रहरि के नेतृत्व में सभी यात्रियों की मदद की गई। मिस्त्री को मरम्मत के लिए बुलाया रात होने पर देवेंद्र सिंह ने महिलाओं को और महेश मोदनवाल ने पुरुषों को अपने घरों में शरण दी। व्यापारियों ने न केवल रात का भोजन बल्कि सुबह का नाश्ता भी कराया। यात्रियों को बिजेथुआ महावीर धाम स्थित अग्रहरि धर्मशाला में स्नान और पूजा-पाठ की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। बस की मरम्मत के लिए शाहगंज से मिस्त्री सिंटू को बुलाया गया। व्यापारियों की सराहना सिमराही बाजार राघोपुर के प्रफुल मंडल के संयोजन में निकली इस यात्रा के सदस्य महादेव दास, रामकृष्ण मेहता, रंजीत दास और अन्य यात्रियों ने व्यापारियों की सराहना की।



# लोक पर्व 2025 महाकुम्भ :लोकाभिराम श्रीराम के सर्वसमावेशी चरित की भावपूर्ण मुग्धकारी नाट्य प्रस्तुति

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क





प्रयागराज , लोकाभिराम श्रीराम के उदात्त चरित को समर्पित रामायण के विविध प्रसंगो पर केन्द्रित भक्तिरस सराबोर मुग्धकारी नाट्य प्रस्तुति, कौशल्या और कौशल्या नंदन राम को समर्पित बघेली भजन, मध्यप्रदेश के जनजातीय लोकनृत्यों की मंचीय प्रस्तुतियां मध्यपप्रदेश मंडप में उपस्थित श्रद्धालुओं व दर्शकों को लुभाती रही। मध्यप्रदेश संस्कृति विभाग के सेक्टर सात स्थित मध्यप्रदेश मंडप में सांस्कृतिक संध्या का श्रीगणेश भोपाल की शीला त्रिपाठी के बघेली भजनों से हुआ धनि-धनि नगर अयोध्या धनिय राजा दशरथु, भोला सजि के चले हैं हिमाचल नगरी तथा ह्यकौशल्या के कुमार सलो ना हो-कीउ जादू न डारे आदि भजनों ने भक्ति रस की निर्मल धारा से श्रोताओं को भाववि भोर कर दिया, डिण्डौरी के जनजातीय समुदाय के पारम्परिक नृत्यों की छटा भी दर्शकों से संवाद करती नजर आई। सांस्कृतिक संध्या की सर्वोत्तम प्रस्तुति भोपाल के रंगश्री लिटिल बैले ग्रुप की रामायण पर आधारित नृत्य नाट्य था। राम विवाह और अयोध्या आगमन के बाद वाल्मीकि और रामचरित मानस में वर्णित प्रसंगो को अत्यन्त भावपूर्णव भक्तिरस से सिंचित संवादों को नृत्य-नाट्य शैली में अभिव्यक्ति दी गई। भोपाल की इस नाट्य संस्था की स्थापना 1952 में शांति वर्द्धनगुलवर्धन द्वारा की गई थी। अब तक यह नाट्य संस्था देष-विदेष में रामायण बैले की 700 प्रस्तुतियॉ कर चुकी है ।नृत्य-नाट्य में राम के सर्वसमावेशी उदात्त-चरित, भारतवर्ष के सांस्कृतिक एकता का संवाहक और भक्ति भाव से परिपूर्ण उनके कठोर और करूणानिधान रूप का अत्यन्त मार्मिक ढंग से अभिनीत किया गया। राम विवाह अयोध्या आगमन, वनवास, सीताहरण और उसके वाद के प्रसंगों को समेटती हुई यह नाट्य प्रस्तुति रावण वध और ह्यसबके राम सब-राम के और रामराज्य की स्थापना के साथ समाप्त हुइ। राम-जटायू के रूप में प्रताप महंता, सीता के रूप में दीप्ति मंहता, दशरथ, हनुमान-देवाशीश मंहता, कौशल्या, सूर्पणखा-पद्मा सोनकर, वशिष्ठ, सुग्रीव व केवट के रूप में संजय इंगले, रावण दयानिधि, स्वर्ण मृग व त्रिजटा के रूप में मोनिका पाण्डेय का अभिनय अयन्त प्रभावी था। 15 से 17 फरवरी तक सती लीला नाट्य, लोक वाद्य कचहारी, लोक-जनजातीय नृत्यों व निमाडी गायन ।मध्यप्रदेश मण्डपम में म.प्र. शासन के आनंद विभाग द्वारा नैतिक व मानसिक रूप से श्रद्धालुओं को अल्पविराम व अन्य यौगिक क्रियाओं द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अब तक इस विभाग के प्रशिक्षकों द्वारा पांच हजार से भी अधिक लोगों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

# 8 शातिर अपराधियों पर लगा गैंगस्टर एक्ट

### रामगंज और संग्रामपुर थाने में केस दर्ज, कई जिलों में की थीं घटनाएं

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, अपराध पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। एसपी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर रामगंज और संग्रामपुर थाना क्षेत्र के कुल 8 शातिर अपराधियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। रामगंज थाना क्षेत्र में 5 अपराधियों पर कार्रवाई की गई है। इनमें गैंग लीडर आदित्य सिंह (बस्ती), विशेष पांडेय और अभय यादव (सुलतानपुर), सचिन अग्रहरि और आर्यन शर्मा (सुलतानपुर) शामिल हैं। ये सभी अमेठी और सुलतानपुर सहित कई जिलों में गंभीर अपराधों में संलिप्त रहे हैं। वहीं, संग्रामपुर थाने में तीन अपराधियों पर गैंगस्टर एक्ट लगाया गया है। इनमें गैंग लीडर सुनील कुमार सरोज (गोपालपुर, अमेठी), सोनू सरोज (रामनाथपुर, अमेठी) और शिवा (परसावां, अमेठी) शामिल हैं। यह गिरोह मुख्य रूप से बाइक चोरी की वारदातों को अंजाम देता था। अपराध नियंत्रण को लेकर सक्रियता एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण के लिए सभी थाना प्रभारियों को अपने क्षेत्र के सक्रिय अपराधियों पर कड़ी नजर रखने और आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। यह कार्रवाई डीएम की अनुमति के बाद की गई है। पुलिस की इस सख्त कार्रवाई से क्षेत्र के अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# ग्रामीण पत्रकारों को एकजुट रहकर करना है कार्य : सुखवीर शर्मा







भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अलीगढ़। राजकीय कृषि प्रदर्शनी अलीगढ़ के मुक्ताकाश मंच पर ग्रामीण पत्रकार सम्मेलन का आयोजन ग्रामीण पत्रकार यूनियन के अलीगढ़ जिला अध्यक्ष सुखबीर शर्मा के अध्यक्षता में बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। सैकड़ों ग्रामीण पत्रकारों को मुख्य अतिथि व जिला अध्यक्ष ने डायरी, पेंसिल व बैग इत्यादि गिफ्ट देकर सम्मानित किया। ग्रामीण पत्रकार सम्मेलन में पहुँचे एसपी मयंक पाठक, ठा. हरेंद्र सिंह जादौन ब्लॉक प्रमुख जवॉ, चैयरमेन खैर संजय शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार आर.पी शर्मा, प्रदीप कुमार चंदेल (दादा) किसान यूनियन एवं मंजू शुक्ला किसान यूनियन पत्रकार संगठन के प्रताप चौधरी व वरिष्ठ पत्रकार शशि गुप्ता, प्रवीण शर्मा, गाजियाबाद से भारत शर्मा सुशीला शर्मा ने पहुँचकर दीप प्रज्ज्वलित कर पत्रकार सम्मेलन का भव्य शुभारम्भ किया। ? ग्रामीण पत्रकारों के सम्मेलन में ग्रामीण पत्रकारों ने एकता पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण पत्रकारों को एक रहकर कार्य करना है। वहीं कार्यक्रम में पहुँचे ठा0 हरेंद्र सिंह जादौन ब्लॉक प्रमुख जवॉ ने कहा कि वह हमेशा पत्रकारों के सम्मान के लिए खड़े हैं। चैयरमेन संजय शर्मा ने कहा कि ग्रामीण पत्रकारों की कलम में बहुत ही ताकत होती है। ग्रामीण क्षेत्र में भी पत्रकार काफी अच्छा लिखना जानते हैं। असलियत में ग्रामीण अंचल के पत्रकार ही काफी मेहनती व्यक्ति होते हैं। वहीं वरिष्ठ पत्रकार आर.पी शर्मा ने कहा कि हमें छोटे-बड़े व आदि प्रकार के भेदभाव को भुलाकर पत्रकार संगठन को और ऊंचाइयों पर ले जाना है। वही पत्रकारों के सम्मेलन में पहुंचे राष्ट्रीय महासचिव भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति प्रदीप कुमार चंदेल (दादा) ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र से ही ग्रामीण पत्रकार असली खबर को निकाल कर अखबार की दुनिया तक लाता है। वहीं ग्रामीण पत्रकार सम्मेलन के मंच पर जय प्रकाश वार्ष्णेय छर्रा, देवेंद्र सिंह नगला जुझार, सुरेंद्र सिंह बाल्यान जट्टारी, अशोक मालान हजियापुर, गौरी शंकर शर्मा जवॉ, अनार सिंह अकराबाद, लक्ष्मण प्रसाद शर्मा, सुधीर कुमार शर्मा पिसावा जो कि मंच पर वरिष्ठ पत्रकारों की गरमामई उपस्थिति रही। जिनके द्वारा समस्त पांचों तहसीलों के इकाइयों के पत्रकारो को मंच पर बुलाकर बारी-बारी से गिफ्ट देकर सभी का स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुखबीर शर्मा ने की, वहीं कार्यक्रम का सफल संचालन जिला महासचिव अमित शर्मा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पाँचों तहसीलों के अध्यक्ष खैर तहसील अध्यक्ष उमेश कुमार बर्मन, गभाना तहसील अध्यक्ष रामगोपाल शर्मा, इगलास तहसील अध्यक्ष बहादुर सिंह, अतरौली तहसील अध्यक्ष के.पी राजपूत, कोल तहसील अध्यक्ष जितेंद्र कुमार शर्मा, महानगर प्रभारी पंकज शर्मा को भी फूलमाला पहनकर व सॉल्व एंव तस्वीर देकर जिला अध्यक्ष सहित सम्मानित मंच ने उनका स्वागत किया। वहीं कार्यक्रम समापन के दौरान जिला अध्यक्ष सुखवीर शर्मा ने कहा कि आपका अपना संगठन ग्रामीण पत्रकार यूनियन अलीगढ़ जनपद में ग्रामीण क्षेत्र में सबसे अधिक सदस्यता वाला संगठन बन गया है। उन्होंने कहा कि पुनः 16 फरवरी से सदस्य अभियान चलाया जाएगा जो साथी अभी तक छूट गए हैं वह सदस्यता अभियान में फॉर्म भरकर अपना सदस्या ग्रहण कर ले। ग्रामीण पत्रकार सम्मेलन में ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ों पत्रकारों ने शिरकत की। ग्रामीण पत्रकार सम्मेलन में राष्ट्रीय कवि मणि मधुकर मुसल अण्डला अलीगढ़ वालों ने भी अपनी कविताओं के माध्यम से समा बाँधा।

# रॉन्ग साइड पर बाइक दौड़ाई, युवक की मौत

### 3 अन्य गंभीर घायल; तीन वाहनों की आपस में हुई टक्कर

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

हापुड़, मेरठ-अमरोहा मार्ग पर एक सड़क हादसे में मेरठ के खैर नगर निवासी 35 वर्षीय तैयब की मौत हो गई। जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर उस समय हुआ जब रास्ता भटकने के बाद तैयब ने अपनी केडीएम स्पोर्ट्स बाइक को मुरादाबाद की ओर जाने वाले मार्ग पर रॉन्ग साइड में चला दिया। गोंडी सलाई कट के पास तैयब की बाइक की टक्कर बुलंदशहर के स्याना निवासी चुन्नीलाल की मोपेड से हुई। इसी दौरान मुजफ्फरनगर के खैलाबदा निवासी नवीन कुमार, जो एक मेडिकल कंपनी में कार्यरत है।

### बहन से छेड़छाड़ के विरोध पर भाई को पीटा

सुल्तानपुर में दबंगों ने छाती से बंदूक सटाकर दी जान से मारने की धमकी, एफआईआर दर्ज

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, गंभीर मामला सामने आया है जहां एक लड़की के साथ छेड़छाड़ और उसके भाई के साथ मारपीट का मामला दर्ज किया गया है।


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, अरविन्द कुमार शर्मा द्वारा एफ.एल.टी.-एल.जी.-75, आर.एम. 4/4, इंदिरा नगर, सुंदर बाग, आर.डी. कुर्ला (प.) मुम्बई, 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं एस.आर. पब्लीकेशन, मोहन अर्जून कम्पाउंड गोदाम नं. 8,9,10 नीयर घाटन पाड़ा, वैशाली नगर, लास्ट बस स्टाप, दहिसर (पूर्व), मुम्बई 400068 महाराष्ट्र से मुद्रित।। सम्पादक- खुशीराम शर्मा ।।
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 02248253669,8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173 संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001 भारत संवाद सिटी ऑफिस- फ्लैट नंबर 24, सेकंड फ्लोर, कांटेक्टर बिल्डिंग, ब्लार्ड स्टेट, वजू कोटक मार्ग, शहीद भगत सिंह रोड, फोर्ट, मुंबई 400001 महाराष्ट्र।